# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    जबलपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026


ई-कॉमर्स साइट पर होगा उपलब्ध

## जल्द लॉन्च होगा भारत का पहला 'सेल्फी मिरर' फोन



**नई दिल्ली।** रियलमी के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कंफर्म कर दिया है कि उसका नया स्मार्टफोन रियलमी 16 5जी जल्द ही भारत में दस्तक देने वाला है। सोमवार को जारी किए गए।

पश्चिम एशिया से आई जंग के 25 वें दिन खुशखबर

*2 दिन से चर्चाओं और बैठकों का दौर जारी ईरान पहले ही रख चुका है अपनी 6 शर्तें*

# सीज फायर के साफ संकेत... ट्रंप ने पांच दिन हमले रोके, कहा- ईरान से अच्छी बातचीत जारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के समाप्त होने के संकेत मिलने शुरु हो गए हैं। डोनल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर सोमवार को पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि अमेरिका ने ईरान के साथ अच्छी और सार्थक बातचीत की है और वह सेना को ईरानी पावर प्लांटों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान के बीच मध्य पूर्व में हमारी आपसी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे लिखा कि इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के मिजाज और लहजे को देखते हुए जो पूरे हफ्ते जारी रहेगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ किसी भी और सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए टाल दें। ट्रंप ने अपने फैसले पर आगे होने वाली चर्चा को लेकर लिखा कि यह फैसला चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा।

*"ट्रंप ने कहा-अमेरिका और ईरान के बीच मध्य पूर्व में हमारी आपसी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई"*

**ईरान बोला हमारे सख्त रुख के बाद अमेरिका को पीछे हटना पड़ा**



डोनाल्ड ट्रंप



मसूद पेजेशकियन

***इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के मिजाज और लहजे को देखते हुए बात हफ्ते भर तक चलेगी***

### ट्रंप ने दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह से खोलने के लिए 48 घंटे का समय दिया था। ट्रंप ने कहा था कि अगर इस समयसीमा में होर्मुज को नहीं खोला गया तो वे ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेंगे। ट्रंप का 48 घंटे का अल्टीमेटम मंगलवार, 24 मार्च की शुरुआत के साथ ही समाप्त होने वाला था, लेकिन उससे पहले ही ट्रंप ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच बेहतर बातचीत हुई है ।

### ईरान ने कहा-बाजार के दबाव में किया ट्रंप ने फैसला

ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाब देते हुए कहा है कि ट्रंप पीछे हट गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध से पहले वाली स्थिति में वापस नहीं आएगा और ऊर्जा बाजार अस्थिर बने रहेंगे।

*ये हो रहा बाजार पर असर?*



70 से 112 पहुंचा ब्रेंट क्रूड, 60% से ज्यादा महंगा

सोना करीब 15000 और चांदी लगभग 27000 रुपए तक टूटी

निवेशकों के करीब 14 लाख करोड़ रु. डूब गए

***पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी ने संसद में दिया बयान***

***हमारे पास अन्न भंडार, बिजली व यूरिया पर्याप्त, सरकार की कोशिश युद्ध का भारत पर कम से कम पड़े प्रभाव***

# 53 लाख मीट्रिक टन 'पेट्रोलियम' उपलब्ध, 41 देशों से कर रहे इंपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग के बाद पश्चिम एशिया में आए संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि भारत ने इन हमलों का विरोध किया है और होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष है और नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की स्पष्ट भूमिका है कि पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होना चाहिए।

पीएम ने बताया कि पहले 27 देशों से आयात होता था अब 41 देशों से होता है। तेल की चुनौती से निपटने के लिए साथ ही लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म प्लान पर काम हो रहा है। हमने मंत्रियों का समूह बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास अन्न भंडार, बिजली व यूरिया पर्याप्त है। सरकार की कोशिश है कि युद्ध का भारत पर कम से कम पड़े प्रभाव पड़े। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी भी हैं और मानवीय भी हैं।

- होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट अस्वीकार्य शांतिपूर्ण समाधान चाहता है भारत
- पश्चिम एशिया से 3.75 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित लौटे
- ऊर्जा सुरक्षा हेतु रणनीतिक तेल भंडार एथेनॉल मिश्रण पर जोर



पीएम मोदी

***हमारी रिफाइनरी कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि***

*पीएम ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो। विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की हमारी जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज क्षेत्र पूरा करता है। बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है।*

*भारत की क्या तैयारी है?*

### एथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्रांडिंग पर अभूतपूर्व काम

पीएम ने कहा कि संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में एथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्रांडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लैंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इंपोर्ट करना पड़ रहा है। बीते दशक में 6 नए यूरिया प्लांट शुरु किए गए। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स में कोल स्टॉक उपलब्ध है। भारत ने लगातार दूसरे साल 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है। पावर जेनेरेशन से लेकर पावर सप्लाई तक की हमारे सभी सिस्टम की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

मोहन कैबिनेट ने आंगनवाड़ी केंद्रों के कुपोषित बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार की राशि 8 रुपए से बढ़ाई

# कुपोषित बच्चों के लिए पोषण आहार की राशि 12 रुपए, 10 लाख बच्चों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की दर बढ़ा दी है। सोमवार को मप्र कैबिनेट की बैठक में भी उक्त मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इसके बाद से आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 महीने से लेकर 6 साल तक के आयु वर्ग के अति कम वजन के बच्चों को पूरक पोषण आहार के लिए अब प्रति दिन 8 रुपए के स्थान पर 12 रुपए की राशि दी जाएगी। इसे सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू किया गया है। इससे करीब 10 लाख से अधिक बच्चों को लाभ मिलेगा। इन सभी बच्चों को अभी तक प्रति दिन 8 रुपए के मान से पूरक पोषण आहार दिए जाते थे, अब उसमें 50 फीसदी का इजाफा कर दिया गया। सरकार पूरक पोषण आहार पर हर दिन करीब सवा करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करेगी। हालांकि, यह पूरी राशि केंद्र सरकार अपने फंड से देगी। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने 6,940 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों और उनकी निरंतरता की स्वीकृति दी है। कैबिनेट ने रीवा जिले की महाना माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 82 करोड़ 39 लाख रुपए की मंजूरी के अलावा शासकीय सेवकों और पेंशनर्स के लिए 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की वृद्धि करते हुए 58 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है।

*कैबिनेट ने 6,940 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों और उनकी निरंतरता की स्वीकृति दी*

**सरकार पूरक पोषण आहार पर हर दिन करीब सवा करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करेगी**



सीएम मंत्रियों के साथ कैबिनेट की बैठक लेते हुए

***दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं के अतिथि शिक्षकों को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय को स्वीकृति***

***शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के संचालन की मंजूरी***

### अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल प्रशिक्षण मिलेगा

कैबिनेट ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का संचालन किए जाने की मंजूरी प्रदान की है। इस अनुसार प्रतिवर्ष अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

*डीए बढ़ोतरी की राशि के एरियर का भुगतान 6 समान किस्तों में होगा*

*कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में अतिथि शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग के अतिथि शिक्षक वर्ग-1 के समरूप प्रतिमाह 18 हजार रुपए मानदेय दिया जाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों के डीए में एक जुलाई, 2025 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 58 प्रतिशत के मान से मंहगाई भत्ता (डीए) स्वीकृत किया है।*

ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट सख्त

## 2 महीने में आ जाएगा फैसला 'अंतिम दौर' की सुनवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने साफ संकेत दिए हैं कि अब इस मामले को और लंबा नहीं खींचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की 90 दिन की समयसीमा के भीतर ही अगले दो महीने में बड़ा फैसला आने की हाईकोर्ट ने पुष्टि कर है। ओबीसी आरक्षण का मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वहां से इसे स्पष्ट निर्देशों के साथ वापस हाईकोर्ट भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला वर्षों से पिंग-पोंग की तरह घूम रहा है, इसलिए अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ही इसकी वैधानिकता पर अंतिम निर्णय करेगा। 16 अप्रैल से मामले की फाइनल हियरिंग भी तय कर दी गई है। सोमवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कर दिया ।






षष्ठम : माता कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

सीएम हेल्पलाइन में जबलपुर नगर निगम फिर नंबर-1

# 99.16% वेटेज स्कोर के साथ चौथी बार प्रदेश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

नगर निगम जबलपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की सतत मॉनिटरिंग, प्रभावी मार्गदर्शन और निगम की टीम के समन्वित प्रयासों के चलते नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 99.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी फरवरी 2026 की ग्रेडिंग सूची में नगर निगम जबलपुर को 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को कुल 2723 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से बड़ी संख्या में प्रकरणों का समाधान शिकायतकर्ताओं से सीधे चर्चा कर उनकी संतुष्टि के बाद किया गया। लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संतुष्टिपूर्वक किया गया, जिससे आम नागरिकों को राहत मिली और शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हुआ।

**फरवरी 2026 की ग्रेडिंग में मिला 'ए' ग्रेड**



रामप्रकाश अहिरवार

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए गए और नियमित मॉनिटरिंग की गई। अहिरवार ने इस उपलब्धि पर नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी।






# अन्नाद्रमुक के साथ हुआ एनडीए का गठबंधन, 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा, पीएमके को 18 और एएमएमके 11 विधानसभाओं में उतारेगी प्रत्याशी

## तमिलनाडु चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग पर मुहर लगाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में भाजपा के साथ कई दौर की बातचीत के बाद मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर मुहर लगा दी है। चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक- एआईएडीएमके) महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रहा है। इस समझौते की सबसे खास बात भाजपा का बढ़ता कद है। समझौते के तहत, भाजपा इस बार 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा अब उत्तर के साथ-साथ दक्षिण के किले को भी भेदने के लिए तैयार है। बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के शीर्ष नेता अंबुमणि रामदास और अम्मा मक्कम मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के प्रमुख टीटीबी दिनाकरण मौजूद रहे। दिल्ली से लेकर चेन्नई तक भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का मिलना बताता है कि पार्टी अब तमिलनाडु में सिर्फ एक सहयोगी दल नहीं, बल्कि एक मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में है।

> तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रहा है। दिल्ली से लेकर चेन्नई तक भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का मिलना बताता है कि पार्टी अब तमिलनाडु में एक मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में है

**भाजपा सहयोगी दल के बजाए मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में**

भाजपा अब उत्तर के साथ-साथ दक्षिण के किले को भी भेदने को तैयार


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एआईएडीएमके नेताओं के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए

**गठबंधन से डीएमके सत्ता से बाहर होगी**

फॉर्मूले के तहत उत्तरी तमिलनाडु में मजबूत पकड़ रखने वाली पीएमके को 18 सीटें दी गई हैं। वन्नियार समुदाय के वोट बैंक को साधने के लिए पीएमके का साथ होना गठबंधन के लिए संजीवनी माना जा रहा है। इस बार एएमएमके को 11 सीटें दी गई हैं। तमिलनाडु में विधानसभा की कुल 234 सीटें हैं। पलानीस्वामी ने कहा कि यह गठबंधन डीएमके सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए बनाया गया है।

## बंगाल में पीएम मोदी की 14, शाह की 8 रैली होंगी

पश्चिम बंगाल में जीत के लिए भाजपा ने मास्टरप्लान तैयार कर लिया है। इस बार पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी 14 रैली करेंगे। इसकी शुरुआत सिलीगुड़ी से होगी। वहीं, पीएम की बंगाल में आखिरी रैली भवानीपुर में होगा। यह दक्षिण कोलकाता की सबसे चर्चित सीट है। यहां सीएम ममता बेनर्जी और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुल 8 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 7 जनसभाओं को और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 6 जनसभाओं में जाएंगे।



## जोरहाट से गौरव गोगोई ने नामांकन पत्र दाखिल किया

कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने जोरहाट विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। जोरहाट से सांसद गोगोई ने नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास का भी दौरा किया और अपने पिता एवं असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की तथा श्रद्धांजलि दी।

## चुनाव आयोग ने डिजिटल वाउचर जारी किए, हर दल को 45 मिनट

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने दूरदर्शन और आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रसारण और टेलीकास्ट समय के आवंटन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को डिजिटल वाउचर जारी किए हैं। यह व्यवस्था लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 39ए के तहत लागू की गई है। प्रत्येक चरण में उम्मीदवारों की सूची जारी होने की तिथि से लेकर मतदान से दो दिन पहले तक प्रसारण और टेलीकास्ट की अवधि तय की जाएगी। इस योजना के तहत दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों पर प्रत्येक पार्टी को 45 मिनट का आधार समय निःशुल्क दिया जाएगा। यह समय राज्य के क्षेत्रीय नेटवर्क पर सभी दलों को समान रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।




## जेएमएम ने जारी की 21 प्रत्याशियों की सूची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने भी असम चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। जेएमएम ने 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी के



महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया कि जेएमएम पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है।

## सीएम विजयन बोले- विकास, जनकल्याण एलडीएफ के मुख्य मुद्दे



केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) राज्य को विकास के अगले स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से नया जनादेश मांग रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोगों के लिए एकजुट होने का एक ऐतिहासिक अवसर है, ताकि धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखते हुए प्रगति और कल्याण की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। विकास और जन कल्याण वे मुख्य मुद्दे हैं जिन्हें हम जनता के समक्ष रख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दक्षिणपंथी ताकतें झूठ फैलाकर और सांप्रदायिक कार्ड खेलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। विजयन ने कांग्रेस और भाजपा पर कॉरपोरेट का पक्ष लेने का आरोप भी लगाया।

## खबर संक्षेप

### पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर अरेस्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को



आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने उन पर आरोप लगाए थे।

### आर्यन खान को बख्शने के लिए रिश्वत नहीं मांगी

**मुंबई।** मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व



निदेशक समीर वानखेड़े ने मुंबई उच्च न्यायालय में कहा कि उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान से उनके बेटे आर्यन खान को मादक पदार्थ मामले में राहत देने के लिए कभी कोई रिश्वत नहीं मांगी और न ही ली।

### 25 करोड़ की ठगी करने वाले दंपती गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक दंपती जेसन डिसूजा और लवीना को



कथित तौर पर सैकड़ों नौकरी चाहने वालों को कोर्ट सिस्टम में सरकारी पदों का वादा करके ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले के जरिए उन पर करीब 25 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप है।

## लोकसभा सीटें 50% बढ़ेंगी, महिलाओं को मिलेगा 33% रिजर्वेशन

# संशोधन बिल लाने की तैयारी में सरकार, इसी सत्र में पेश होगा, शाह की विपक्षी दलों से चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिलाओं को आरक्षण देने के लिए सरकार अब संसद में संशोधन विधेयक लाएगी। इस बिल में लोकसभा सीटों के परिसीमन और सीटें बढ़ाने के लिए 2011 की जनगणना को ही आधार मानने का प्रावधान किया जाएगा। यह संशोधन विधेयक पारित होने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी। 816 सदस्यों वाली लोकसभा में 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। बता दें, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ था, उसमें यह प्रावधान था कि यह नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू होगा।

अब सूत्रों का कहना है कि सरकार इस हफ्ते नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम बिल में संशोधन लेकर आएगी। बता दें कि मूल कानून में यह शर्त थी कि महिला आरक्षण तभी लागू होगा, जब नई जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अब सरकार इस शर्त को संशोधित कर जल्द से जल्द कानून लागू करने के विकल्प तलाश रही है।

> इस बिल में लोकसभा सीटों के परिसीमन और सीटें बढ़ाने के लिए 2011 की जनगणना को ही आधार मानने का प्रावधान किया जाएगा। यह संशोधन विधेयक पारित होने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी

**816** होंगे लोकसभा सांसद

**273** सीटें महिलाओं के लिए


संसद भवन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फाइल फोटो

### सीसीपीए में दिया था जोर

हाल ही में संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने 2029 तक महिला आरक्षण को हर हाल में लागू करने के अपने विजन पर जोर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कई बड़े नेताओं को इस प्रस्तावित रोडमैप की जानकारी दी है। विपक्ष सैद्धांतिक तौर पर महिला आरक्षण का समर्थन करता रहा है, लेकिन सीटों के बंटवारे और परिसीमन को लेकर सर्वसम्मति बनाने के लिए बातचीत का दौर जारी है।

### 50 प्लस 33 का एक मास्टर फॉर्मूला तैयार

सरकार ने 50+33 का एक मास्टर फॉर्मूला तैयार किया है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। नए प्रस्ताव के तहत 50% वृद्धि के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 816 हो जाएगी। इन 816 सीटों में से 33% यानी एक तिहाई करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस पूरी प्रक्रिया के लिए अब अगली जनगणना का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साल 2029 का लोकसभा चुनाव इसी नए बिल और नई परिसीमन व्यवस्था के आधार पर लड़ा जाएगा।

### दो-तिहाई समर्थन जरूरी

अगर सरकार परिसीमन से पहले महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। इसके तहत संसद के दोनों सदनों में बहुमत आवश्यक होगा, जिसमें उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों में दो-तिहाई समर्थन जरूरी है। यह प्रक्रिया भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 के तहत पूरी की जाएगी।

### लॉटरी सिस्टम से तय होंगी सीटें

यह तय करने के लिए कि कौन सी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी, 'ड्रॉ ऑफ लॉट्स' (लॉटरी सिस्टम) का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे रोटेशन और निष्पक्षता बनी रहेगी।

### कर और अर्थव्यवस्था पर होगा बड़ा असर
### लोकसभा में पेश किया वित्त विधेयक 2026

वित्त मंत्री ने कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी लोकसभा में पेश किया, और निचले सदन ने इसे आगे की



जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मंजूरी दे दी। इससे केंद्रीय बजट 2026-27 में पेश किए गए प्रस्तावों को कानूनी ढांचा मिलेगा। पारित होने के बाद, घोषित आयकर दरों, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क में परिवर्तन प्रभावी हो जाएंगे। विधेयक का उद्देश्य एलएलपी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है।

### पीएम ने कुछ नया नहीं कहा संसद में हो चर्चाः प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया पर दिए गए बयान को लेकर



सवाल उठाए हैं और संसद में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम ने कोई नई बात नहीं कही। देश को सिर्फ जानकारी दी गई, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर सभी पक्षों की राय सामने आनी चाहिए।

## राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना

# आदिवासियों को 'वनवासी' कहना संविधान का अपमान



एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात दौरे पर गए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा का अपमान है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल आदिवासी समाज की पहचान को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की विरासत और उनके विचारों पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग संविधान की बात करते हैं, लेकिन वही लोग आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर कर रहे हैं।

### संविधान सिर्फ किताब नहीं

सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, बल्कि यह देश की सोच और हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है, जिसमें हजारों साल पुराने विचार शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के नेता एक तरफ महान नेताओं की मूर्तियों के सामने सम्मान दिखाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आदिवासियों को वनवासी कहना उनकी पहचान पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी जमीन, जल और जंगल छीनकर कॉर्पोरेट्स को दिए जा रहे हैं, जो संविधान और बिरसा मुंडा के आदर्शों के खिलाफ है। राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर कहा कि पहली बार भारत का कृषि क्षेत्र अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दिया गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इस फैसले से देश के किसानों पर असर पड़ सकता है।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन केस में ट्रायल पर रोक

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है, जिसमें चार्जशीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, डीएमके नेताओं कनिमोझी, ए. राजा, सीवीएमपी एझिलारासन समेत अन्य के नाम शामिल हैं। यह मामला फरवरी 2025 में जंतर-मंतर पर यूजीसी के ड्राफ्ट दिशानिर्देशों के खिलाफ कथित रूप से बिना अनुमति आयोजित किए गए प्रदर्शन से जुड़ा है। डीएमके नेता सीवीएमपी एझिलारासन ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामला राउज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है, हालांकि अभी तक अदालत ने संज्ञान नहीं लिया है।

## आज विश्व टीबी दिवसः टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई तेज हुई

# नोएडा से आज जेपी नड्डा लॉन्च करेंगे 100 दिन का अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह आयोजन यूपी के ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम नरेंद्र मोदी के टीबी-मुक्त भारत के विजन के अनुरूप, टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की प्रगति को दर्शाना है। यह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों, नवोन्मेषी रणनीतियों और मजबूत सामुदायिक भागीदारी को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

टीबी मुक्त भारत एप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का शुभारंभ होगा


केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

### टीबी के मामलों की तेजी से पहचान करेंगे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे और टीबी मुक्त भारत ऐप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का शुभारंभ करेंगे। इन पहलों का लक्ष्य टीबी के मामलों की तेजी से पहचान करना, उपचार के प्रति समर्पण को बढ़ावा देना और टीबी सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करना है।

**संकल्पः हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं!**

ये प्रयास विश्व टीबी दिवस 2026 का विषय 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं!' के अनुरूप हैं और टीबी के खिलाफ लड़ाई को तेज करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये प्रयास पीएम नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और उनकी कार्रवाई के आह्वान को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने टीबी-मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के देश के संकल्प पर जोर देते हुए यह संदेश दिया है कि हां, हम टीबी को खत्म सकते हैं।

### विश्व से पहले हासिल करेंगे लक्ष्य

विश्व टीबी दिवस 2026 का आयोजन टीबी उन्मूलन से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को वैश्विक लक्ष्यों से पहले हासिल करने की दिशा में भारत के संकल्प को रेखांकित करता है। यह आयोजन टीबी को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने के लिए बहुक्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की पुष्टि करेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शामिल होंगे।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च की तीन बड़ी पहल

# एआई कौशल और डिजिटल कंटेंट को मिलेगा बढ़ावा, गूगल और यूट्यूब के साथ 'समझौता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुलभ प्रौद्योगिकी और मजबूत डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन नई पहलों का अनावरण किया। इन पहलों में एआई कौशल प्रशिक्षण, लोगों के लिए कंटेंट प्लेटफॉर्म और टीवी देखने की सुविधा को आसान बनाना शामिल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गूगल और यूट्यूब के साथ साझेदारी में 15,000 रचनाकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए राष्ट्रीय एआई कौशल प्रशिक्षण पहल शुरू की है। जो 23 मार्च से 30 जून तक चलेगा।



### 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च

मंत्रालय ने वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म के तहत 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च किया है। यह एक यूजर-जनरेटेड कंटेंट प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपनी सामग्री बना, अपलोड और साझा कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म शॉर्ट वीडियो, वर्टिकल वीडियो और एपिसोडिक कंटेंट जैसे कई फॉर्मेट को सपोर्ट करेगा।

### डीडी फ्री डिश देखने सेटटॉप बॉक्स जरूरी नहीं

सरकार ने टीवी देखने के अनुभव को सरल बनाने के लिए बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले टीवी और नया उन्नत प्रोग्राम गाइड (ईपीजी) भी पेश किया है। अब दर्शकों को डीडी फ्री डिश चैनल देखने के लिए अलग से सेटटॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होगी। इससे अतिरिक्त खर्च, वायरिंग और कई रिमोट के झंझट से राहत मिलेगी।

## ईरान के द्वीपों पर अमेरिकी सैनिकों के कब्जे की बढ़ी आशंका

ईरान अमेरिका से चल रहा दो कदम आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है, जो फारस की खाड़ी का संकरा प्रवेश द्वार है। इस मिशन को समर्थन देने के लिए अमेरिकी मरीन नौसैनिक ईरान के द्वीपों या उसके तटीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए उतर सकते हैं। ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह पूरे फारस की खाड़ी में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। रक्षा परिषद ने कहा, दुश्मन द्वारा ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने का कोई भी प्रयास स्वाभाविक रूप से और स्थापित सैन्य प्रथाओं के अनुसार फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर देने का कारण बनेगा। ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसके बिजली संयंत्रों पर बमबारी करने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं, तो वह पूरे मध्य पूर्व में बिजली संयंत्रों पर हमला करेगा। तेहरान की इस धमकी से खाड़ी अरब देशों में बिजली और पानी दोनों की आपूर्ति खतरे में पड़ गई है, खासकर तब जब इन रेगिस्तानी देशों में बिजली संयंत्रों के साथ-साथ खारे पानी को मीठा करने वाले संयंत्र भी हैं, जो पीने के पानी की आपूर्ति के लिए बेहद जरूरी हैं। इस धमकी के बाद ईरान की अर्ध-सरकारी एजेंसी ने ऐसे संयंत्रों की एक सूची प्रकाशित की, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात का परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी शामिल है। पिछले दिन ईरान ने इजराइल के डिमोना को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं, जो उसके लंबे समय से संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम के लिए सबसे अहम केंद्र के पास स्थित है। हालांकि, हमले में इजराइली संयंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।



# ईरान की अमेरिका को दो टूक, कहा- जमीनी हमला किया तो फारस की खाड़ी में बिछा देंगे बारूदी सुरंगें

एआई इमेज

## दो जहाजों ने होर्मुज किया पार, भारतीय टैंकरों का आना शुरू



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए राहत की खबर सामने आ रही है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया है। सोमवार दोपहर ये दोनों जहाज ईरान के लारक और केश्म द्वीपों के बीच देखे गए, जहां वे संभवतः ईरानी अधिकारियों को अपनी पहचान स्पष्ट कर रहे थे। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय जहाजों में शामिल थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण लगभग बंद हो चुके होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे। यह जलमार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और खाड़ी देशों से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है।

### जहाज 92,712 टन एलपीजी लेकर आए

इससे पहले भी भारत के कुछ जहाज सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। एलपीजी टैंकर एमटी शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, जबकि एमटी नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंची। दोनों जहाज करीब 92,712 टन एलपीजी लेकर आए थे, जो देश की लगभग एक दिन की घरेलू गैस खपत के बराबर है। इसी क्रम में जग लाडकी नामक भारतीय तेल टैंकर, जो यूएई से 80,886 टन कच्चा तेल लेकर आ रहा था, 18 मार्च को मुंद्रा पहुंच गया। वहीं जग प्रकाश नामक टैंकर ओमान से पेट्रोल लेकर अफ्रीका के लिए सुरक्षित रूप से हॉर्मुज पार कर चुका है और तंजानिया की ओर बढ़ रहा है।

### 24 में से 22 जहाज पश्चिमी हिस्से में फंसे

युद्ध की शुरुआत में कुल 28 भारतीय जहाज इस क्षेत्र में मौजूद थे, जिनमें 24 जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से और चार पूर्वी हिस्से में थे। बीते दिनों दोनों ओर से दो-दो जहाज सुरक्षित निकल चुके हैं, लेकिन अभी भी 24 में से 22 जहाज पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं, जिन पर 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो जहाज पूर्वी हिस्से में हैं। फंसे हुए जहाजों में विविध प्रकार के पोत शामिल हैं छह एलपीजी टैंकर (जिनमें से दो अब रवाना हो चुके हैं), एक एलएनजी टैंकर, चार कच्चा तेल टैंकर, एक केमिकल टैंकर, तीन कंटेनर जहाज, दो बल्क कैरियर, एक ड्रेजर, एक खाली जहाज और तीन जहाज ड्राई डॉक में मरम्मत के लिए हैं। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब 500 टैंकर अभी भी पर्शियन (अरब) गल्फ में फंसे हुए हैं, जिनमें 108 कच्चे तेल के टैंकर, 166 ऑयल प्रोडक्ट टैंकर, 104 केमिकल/प्रोडक्ट टैंकर, 52 केमिकल टैंकर और 53 अन्य प्रकार के टैंकर शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान कुछ जहाजों को सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। इसके तहत जहाजों की मालिकी, कार्गो और गंतव्य की जांच की जा रही है। कुछ जहाज लारक-केश्म चैनल के रास्ते हल्का मार्ग बदलकर भी निकल रहे हैं, जो इस सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

### भारत के लिए महत्वपूर्ण है होर्मुज

भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बेहद अहम है। देश अपनी जरूरत का करीब 88 फीसदी कच्चा तेल, 50 फीसदी प्राकृतिक गैस और 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। युद्ध से पहले भारत के आधे से ज्यादा कच्चे तेल का आयात सऊदी अरब, इराक और यूएई जैसे खाड़ी देशों से होता था, जो इसी मार्ग पर निर्भर हैं।हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति को रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से कुछ हद तक संतुलित किया गया है, लेकिन गैस और एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसका असर औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर साफ दिख रहा है।

**यूरोप में हलचल तेज, बैठक में ही लगने लगे आरोप**

## रूस के नाम पर नाटो में कलह, हंगरी पर जासूसी का आरोप



एआई इमेज

यूरोपियन यूनियन के देशों में रूस के चलते मतभेद पैदा हो गए हैं। यूरोपियन यूनियन को आशंका है कि हंगरी की ओर से संवेदनशील जानकारियां रूस को लीक की जा रही हैं। इसके चलते हंगरी से यूरोपीय संघ के दूसरे देश दूरी बरत रहे हैं। यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने आशंका जताई कि हंगरी की विक्टर ओरबान की सरकार की ओर से जरूरी जानकारियां रूस के साथ शेयर की जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय संघ ने ऐसी आशंकाओं को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन संघ के दूसरे देश चुपचाप ही दूरी बरतने में जुटे हैं। हंगरी की सरकार का कहना है कि यह पूरा मामला उनके देश में होने वाले चुनाव से जुड़ा है। हंगरी में 12 अप्रैल को संसदीय चुनाव होने वाले हैं। पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने कहा, यह खबर आना कि ओरबान के लोग मॉस्को के साथ जानकारी शेयर कर रहे हैं। इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है। ऐसा संभव है कि यूरोपियन यूनियन की बैठकों के बारे में जानकारी मॉस्को को दी जा रही हो।' डोनाल्ड टस्क के इस दावे पर हंगरी इसलिए सवाल उठा रहा है क्योंकि उसका कहना है कि पोलैंड के पीएम उनके यहां के विपक्षी नेताओं का समर्थन करते हैं। यही नहीं डोनाल्ड टस्क ने जवाब देते हुए यहां तक कहा कि हमें तो उनकी ही मंशा पर संदेह है। दरअसल इस मामले ने जोर तब पकड़ा, जब शनिवार को वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ओरबान की सरकार के मॉस्को के साथ करीबी संबंध हैं। यही नहीं दावा किया गया कि हंगरी के विदेश मंत्री पीटर जिजारतो अकसर यूरोपियन यूनियन की मीटिंग्स में ब्रेक लिया करते थे। इस दौरान समय निकालकर वह रूस के विदेश मंत्री सेरजेई लावरोव से बात करते थे।

## 55 साल का सबसे बड़ा तेल संकटः आईईए चीफ



दुनिया में चल रहे दो युद्धों ने 55 साल का सबसे बड़ा तेल संकट पैदा कर दिया है। इन युद्धों के चलते एक ऐसा मर्ज आ गया है, जिसका कोई इलाज नहीं है। यह बात अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कही। बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है।

### नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर असर

बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहाकि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहाकि हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।

## ईरान युद्ध के बीच मोसाद चीफ से नाराज हैं नेतन्याहू, रिपोर्ट पर बिगड़ी बात



*पश्चिम एशिया की जंग लगातार उलझती जा रही है। कुछ दिनों में ईरान की सत्ता परिवर्तन का सपना देखकर युद्ध में कूदे इजराइल और अमेरिका अब मदद के लिए दूसरे देशों की तरफ देख रहे हैं। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख से नाराज चल रहे हैं। दरअसल, युद्ध शुरू करने से पहले मोसाद चीफ ने नेतन्याहू को एक रिपोर्ट दी थी कि अगर ईरान की सत्ता को कमजोर कर दिया जाता है, तो वहां दंगा भड़काकर इस्लामिक सत्ता को पलटा जा सकता है। लेकिन अब तीन हफ्ते बाद भी ऐसा संभव नहीं हो पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद की तरफ से रखी गई इस रिपोर्ट के आधार पर ही नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने की योजना तैयार की थी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों को यह रिपोर्ट इसलिए भी सही लगी थी क्योंकि उस समय तक ईरान में खामेनेई के खिलाफ बड़े आंदोलन हो चुके थे। इजराइली अखबार के मुताबिक, मोसाद की तरफ से इस रिपोर्ट को लेकर खुद मोसाद चीफ डेविड बार्निया नेतन्याहू के पास पहुंचे थे, इसमें दावा किया गया था कि ईरान के शीर्ष नेताओं को खत्म करने के बाद एजेंसी दंगों और विरोध प्रदर्शनों को भड़काकर बड़े पैमाने पर अस्थिरता पैदा कर सकती है। यह योजना व्हाइट हाउस को भी बताई गई थी। पिछले सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक सीआईए ने भी इस रिपोर्ट पर अपनी सहमति दी थी। इसके बाद भी 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। रिपोर्ट के आधार पर ही राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले ही भाषण में ईरान की जनता को संबोधित करते हुए कानून को अपने हाथ में लेकर सड़कों पर उतरने का आह्वान किया, नेतन्याहू ने भी ईरान की जनता को इस्लामिक सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए कहा। हालांकि, बड़े हमलों के बाद भी ईरान में कोई आंदोलन नहीं हुआ। अब अमेरिकी और इजराइली अधिकारी भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं, कि सत्ता परिवर्तन करना इतना आसान नहीं है। दोनों देश ईरान के कमजोर होने की संभावना पर चल रहे थे, लेकिन वह और मजबूत होकर सामने आया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के भीतर अलग-अलग धार्मिक गुटों में टकराव हो सकता है, लेकिन उससे लोकतांत्रिक सरकार बनने की संभावना बहुत कम है। साथ ही, कुर्द मिलिशिया के सहयोग से सरकार गिराने की उम्मीद भी पूरी नहीं हुई। अब, जबकि तीन हफ्ते बाद भी ऐसा कोई बड़ा आंदोलन खड़ा नहीं हुआ है।*

**खबर संक्षेप**

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का आया भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी



तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर 1:14 बजे झटके लगे। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों के निवासियों ने भी भूकंप का झटका महसूस किया।

### 2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित

**होनोलूलू।** हवाई द्वीप पर भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ के कारण रविवार अपराह्न तक



2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। यह बाढ़ 20 से अधिक वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले आए शीतकालीन तूफान की बारिश से पहले ही गीली मिट्टी पर वर्षा हुई जिससे उफनता पानी घरों और कई कारों को बहा ले गया।

### मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक



भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया।

**भारत की अगली पीढ़ी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सुखोई-30एमकेआई बेड़े में होगी शामिल**

# बड़ी उपलब्धिः हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने में भी है माहिर

*डीआरडीओ को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में बड़ी सफलता मिली है। लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है*

"लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

"सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता





ये हैं ब्रह्मोस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत बना रहा है। इसी क्रम में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ( डीआरडीओ ) को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में एक बड़ी सफलता मिली है। इसके तहत लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है। यह लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी. कामत ने इस साल की शुरुआत इस संबंध ऐलान किया था। इससे इंडियन एयरफोर्स हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना साधने में सक्षम बनेगी। इसे एक अहम कदम माना जा रहा है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे जमीन और समुद्री लक्ष्यों को दूर से ही निशाना बनाया जा सके। डिफेंस पोर्टल के मुताबिक एलआरएएसएससीएम को सबसे पहले सिर्फ वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई बेड़े में ही शामिल किया जाएगा। इसमें भारी पेलोड ले जाने की क्षमता, लंबी रेंज और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल जैसे आधुनिक हथियारों के साथ साबित हुई है। सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता इसे एलआरए एसएससीएम के कैरिज ट्रायल, सेपरेशन टेस्ट और आखिरकार ऑपरेशनल तैनाती के लिए सबसे बेहतरीन शुरुआती प्लेटफॉर्म बनाती है।

### क्रूज मिसाइल की खासियत

*लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) अपनी सुपरसोनिक क्रूज परफॉर्मेंस के लिए खास तौर पर जाना जाता है। इसे संभवतः रैमजेट प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी से पावर मिलती है, जो ब्रह्मोस परिवार में पहले ही साबित हो चुकी है। सबसोनिक क्रूज मिसाइलों के उलट यह नया सिस्टम अपनी पूरी उड़ान के दौरान अपनी तेज रफ्तार बनाए रखती है। इससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने का समय कम मिलता है और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम्स के खिलाफ इसकी अचूक मारक क्षमता बढ़ जाती है। इसकी सटीक स्पेसिफिकेशन्स अभी भी गोपनीय हैं। उम्मीद है कि यह मिसाइल मौजूदा एयर-लॉन्च विकल्पों की तुलना में कहीं ज़्यादा दूरी तक मार कर सकेगी। इसकी मारक क्षमता सैकड़ों किलोमीटर तक हो सकती है, जिससे लॉन्च प्लेटफॉर्म को सीमावर्ती खतरों के संपर्क में लाए बिना ही दुश्मन के अंदरूनी इलाकों में गहरे हमले किए जा सकेंगे।*

**रुको...रुको, न्यूयॉर्क विमान हादसे का ऑडियो सामने आया**

## एयरपोर्ट पर यात्री विमान रनवे पर खड़े ट्रक से भिड़ा, दोनों पायलट की मौत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



अमेरिका के न्यूयॉर्क के व्यस्त ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट पर सोमवार को एक विमान हादसा हुआ। एयर कनाडा का एक यात्री विमान रनवे पर एक फायर ट्रक से टकराया। इस हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। अब हादसे से ठीक पहले का एक ऑडियो सामने आया है। मॉन्ट्रियल ट्रूडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आए एयर कनाडा के विमान करीब 100 लोग सवार थे। आंकड़ों के मुताबिक, टक्कर के समय विमान करीब 39 किलोमीटर प्रति घंटा (24 मील प्रति घंटा) की रफ्तार से चल रहा था। वहीं हादसे से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और पायलटों के बीच हुई बातचीत का एक दर्दनाक ऑडियो सामने आया है। इसमें कंट्रोलर को चिल्लाते हुए साफ सुना जा सकता है। कंट्रोलर चेतावनी देकर कहता है, रुको, रुको, रुको! ट्रक। तभी विमान को खतरे से बचाने की कोशिश की गई। डेल्टा एयरलाइंस के विमान को तुरंत लैंडिंग रद्द करने का निर्देश दिया। टक्कर के कुछ ही पलों बाद कंट्रोलर ने कहा, डेल्टा 2603, चक्कर लगाएं, मैं देख रहा हूं कि आप एक गाड़ी से टकरा गए हैं, बस अपनी स्थिति बनाए रखें।

### एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में विमान के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचता दिख रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फायर ट्रक में सवार दो लोगों के हाथ-पैर टूट गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। हादसे के तुरंत बाद ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया। आने वाली उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया है। न्यूयॉर्क सिटी इमरजेंसी मैनेजमेंट ने कहा है कि लोग मानकर चलें कि उड़ानें कैंसिल हो सकती हैं, सड़कें बंद रह सकती हैं और ट्रैफिक जाम भी हो सकता है।

**धमाके में कोई घायल नहीं हुआ**

## बॉर्डर से सटे गांव के पूर्व सरपंच के घर के बाहर धमाका, गेट को नुकसान

एजेंसी ▶▶ जम्मू



सांबा ज़िले के एक सीमावर्ती गांव में सोमवार तड़के एक धमाके के बाद अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका रात करीब 2 बजे घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर, गवाला तालाब गांव में पूर्व सरपंच जय राम शर्मा के घर के बाहर हुआ। धमाके के बाद लोग दहशत में आ गए। हालांकि इस धमाके में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन धमाके के कारण पूर्व सरपंच जयराम शर्मा के घर का मेन दरवाज़ा और चारदीवारी का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने धमाके की वजह का पता लगाने के लिए घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हो गई। मामले की जांच तो शुरू ही हो गई है, इसके साथ ही इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है। पूर्व सरपंच ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरे घर को निशाना बनाते हुए हमला किया गया था।

**वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत और रूसः जयशंकर**

## भारत-रूस के संबंधों ने वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया

***बेहद बैलेंस तरीके से भारत और रूस के संबंध आगे बढ़ रहे***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





पुतिन की भारत यात्रा का भी किया जिक्र

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती भूराजनैतिक परिस्थितियों के बीच भारत-रूस के आपसी सहयोग की सराहना की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'भारत और रूसः एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर' कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जयशंकर ने कहा कि दशकों से हमारे आपसी फायदे वाले सहयोग ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया है। आज के बदलते भू-राजनैतिक हालात में हमारा जुड़ाव लगातार गहरा होता जा रहा है, जो लगातार हाई-लेवल बातचीत से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता करते हुए, भारत मानवता को प्राथमिकता देने और जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। रूस के साथ मिलकर भारत साझा चुनौतियों का संतुलित और समावेशी तरीके से समाधान करने के लिए तत्पर है। अंत में, मैं अपनी दीर्घकालिक साझेदारी और प्रिय मित्रता को मजबूत करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। जयशंकर ने इस दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीते साल हुए भारत यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुतिन का दिसंबर 2025 में हुआ भारत दौरा कई नए आयाम लेकर आया। इस दौरान मोबिलिटी से लेकर हेल्थ और फूड सेफ्टी, मेरीटाइम सहयोग समेत कई मुद्दों पर अहम समझौते हुए। इस यात्रा के दौरान फर्टिलाइजर्स, कस्टम और कॉमर्स, एकेडमिक और मीडिया कोऑपरेशन पर भी अहम फैसले हुए। दोनों ही पक्षों ने आपसी ट्रेड को 68.7 बिलियन डॉलर से 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। जयशंकर ने भारत-रूस सबंधों को लेकर कहा कि इसे बेहद बैलेंस तरीके से लगातार आगे ले जाने पर फैसला हुआ। इसके साथ ही भारतीय वर्कफोर्स का सही इस्तेमाल हो इस पर भी बात हुई। ट्रेड में फ्री टैरिफ को लेकर भी चर्चा की जा रही। रूस पहले से ही सिविल न्यूक्लियर एनर्जी को लेकर पार्टनर रहा है। कुडानकुलम न्यूक्लियर प्रोजेक्ट इसका स्पष्ट उदाहरण है। भारत लगातार न्यूक्लियर एनर्जी जेनरेशन क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। इस 2047 तक 100 किलोवॉट तक ले जाने की योजना है। सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए ।

### रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी

*जयशंकर आगे बोले कि मुझे लगता है कि रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी बना रहेगा। रूस बेहद शांति से इस न्यूक्लियर एनर्जी में हमारा सपोर्ट करेगा। योग, आयुर्वेद से आर्ट और कल्चर में लोगों से जुड़ाव बढ़ रहा है। भारत के ब्रिक्स की अध्यक्षता जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश मानवता पहले और लोगों को केंद्र रखते हुए आगे बढ़ने की अप्रोच रही है। रूस से के साथ हमारा सहयोग लगातार बढ़ रहा है।*

## व्हीएफजे में चार्जमैन की मौत के बाद उठे गंभीर सवाल

# निगमीकरण का दबाव या सिस्टम की चूक?

हरिभूमि जबलपुर।

वाहन निर्माणी जबलपुर (व्हीएफजे) में चार्जमैन सैमसन मार्टिन की आत्महत्या के बाद मामला केवल एक दुखद घटना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि निगमीकरण के बाद बदले कार्य हालात और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बहस छिड़ गई है। कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि यह घटना बढ़ते कार्य दबाव और प्रबंधन की सख्ती का परिणाम है, जबकि आधिकारिक स्तर पर जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचा जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि रक्षा उत्पादन इकाइयों के निगमीकरण के बाद कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां कार्य विभाजन अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर होता था, अब बहु-कार्य (मल्टी-टास्किंग) और लक्ष्य आधारित प्रणाली पर जोर बढ़ गया है। यूनियन प्रतिनिधियों का आरोप है कि उत्पादन लक्ष्य और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पहले की तुलना में अधिक कठोर हो गई हैं। कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपते समय पर्याप्त प्रशिक्षण या समय नहीं दिया जा रहा। इससे मानसिक दबाव बढ़ रहा है।

### 8 रुपये की गलती ने ली जान !

मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सैमसन मार्टिन मूल रूप से फिटर थे, लेकिन उन्हें बिलिंग का कार्य सौंपा गया। एक बिल में आठ रुपये का अंतर आने के कारण फाइल अटक गई थी। परिजनों का कहना है कि इस छोटी सी त्रुटि को लेकर उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। यूनियनों का दावा है कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि बढ़ती प्रशासनिक सख्ती का उदाहरण है। उनका कहना है कि कार्यस्थल पर संवाद की कमी और संवेदनशीलता का अभाव कर्मचारियों को मानसिक रूप से कमजोर कर रहा है।

### यूनियनों का आरोप

ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाईज फेडरेशन (एआईडीईएफ) से जुड़ी यूनियनों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रांझी थाने के घेराव की घोषणा की है। उनका कहना है कि यदि जांच में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका सामने आती है तो सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि संस्थान में सभी कार्य नियमों के अनुसार सौंपे जाते हैं और किसी भी कर्मचारी पर अनावश्यक दबाव डालने की नीति नहीं है। उनका तर्क है कि पूरे मामले की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

### क्या है मामला

गौरतलब है की जबलपुर स्थित वाहन निर्माणी जबलपुर (व्हीएफजे) में कार्यरत 57 वर्षीय चार्जमैन सैमसन मार्टिन ने रविवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें कथित तौर पर काम के दबाव और मानसिक तनाव का जिक्र है। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट और संबंधित बयानों के आधार पर जांच कर रही है।

## रामपुर से जलपरी मार्ग आवागमन के लिए खोला गया

**जबलपुर।** आजाद चौक रामपुर से विद्युत कंपनियों के रामपुर आवासीय परिसर व जलपरी मार्ग को आज आवागमन के लिए प्रारंभ कर दिया गया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन एफके मेश्राम ने आम नागरिक और खासतौर से विद्यार्थियों के आने जाने में हो रही समस्या को देखते हुए इस मार्ग को तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा इस मार्ग को प्रारंभ करने के साथ इस मार्ग का डामलीकरण भी शुरु कर दिया गया। 220 केवी सब स्टेशन तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर मार्ग का डामलीकरण किया जा रहा है। इस मार्ग के डामलीकरण हो जाने से विद्युत कार्मिकों, उनके परिजन के साथ अन्य नागरिकों को रामपुर से बरगी हिल्स तक आने जाने में सरलता व सहजता होगी। पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक एफके मेश्राम ने जानकारी दी कि भारी वाहनों पर नियंत्रण रखने की दृष्टि से जलपरी से 220 केवी सब स्टेशन मार्ग पर बैरियर लगाए जा रहे हैं।

### जवाब नहीं देने पर हाईकोर्ट सख्त

## रादुविवि कुलगुरु की नियुक्ति के मामले में सरकार पर लगाई पांच हजार रुपए कॉस्ट



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु की नियुक्ति के मामले में जवाब पेश नहीं करने पर मप्र हाईकोर्ट ने 5 हजार रुपए कॉस्ट लगाई है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने सरकार को जवाब पेश करने अंतिम अवसर दिया है। मामले पर अगली सुनवाई 6 अप्रैल को निर्धारित की गई है। इस मामले में अप्रैल 2025 में ही नोटिस तामील कर दिया गया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

जबलपुर निवासी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने याचिका दायर कर कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। आरोप है कि नियुक्ति प्रक्रिया में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनिवार्य नियमों की अनदेखी की गई। दलील दी गई है कि कुलगुरु जैसे गरिमामय पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक अनुभव और निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया, जिससे पूरी नियुक्ति प्रक्रिया कठघरे में है। दलील दी गई कि नियमों के अनुसार कुलगुरु पद के लिए पीएचडी के बाद कम से कम 10u वर्ष का शैक्षणिक अनुभव अनिवार्य है। आरोप है कि प्रो. वर्मा की पूर्व में प्राध्यापक पद पर हुई नियुक्ति भी प्रक्रियात्मक विसंगतियों से ग्रस्त थी। यदि प्राध्यापक पद पर नियुक्ति ही नियमों के अनुरूप नहीं थी, तो उसी आधार पर कुलगुरु पद पर की गई नियुक्ति स्वतः संदेह के घेरे में आ जाती है।

## जल संरक्षण की ओर बढ़ते कदम, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संवर रहे हैं शहर के जल स्रोत

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत शहर की जल संरचनाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए नगर निगम ने कार्ययोजना पर कार्य शुरू कर दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अभियान की विस्तृत समीक्षा की और जल संचयन की दिशा में कई बड़े निर्णयों पर काम प्रारंभ करने निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल पारंपरिक जल स्रोतों को बचाना है, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से भू-जल




स्तर को बढ़ाना भी है। अभियान के अंतर्गत शहर के शासकीय और अशासकीय 1000 से अधिक उद्यानों में सोखता पिट बनाए जाएंगे। जल संकट को दूर करने के लिए शहर के 10,000 भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा गया है। शहर के पुराने तालाबों और जल निकायों को चिन्हित कर उन्हें पुनर्जीवित करने की कार्ययोजना पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया प्रदूषित जल का उपचार और पुनः उपयोग* एस.टी.पी. ) प्लांट्स के माध्यम से प्रदूषित जल को उपचारित किया जा रहा है। इस शोधित जल का उपयोग बागवानी और अन्य कार्यों में किया जा रहा है जिससे ताजे पानी की खपत कम होगी। निगमायुक्त ने बताया कि जल ही जीवन का आधार है। हम तकनीक और जनभागीदारी के समन्वय से शहर के हर जल स्रोत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## 15 जोड़ी यात्री गाड़ियों का मैहर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंडल प्रशासन ने यात्रियों के सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि महाकौशल क्षेत्र सहित जबलपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मैहर आगमन को देखते हुए 15 जोड़ी यात्री गाड़ियों को मैहर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह अस्थाई ठहराव 19 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक ट्रेन के लिए 5 मिनट का रहेगा, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



## ओला इलेक्ट्रिक सर्विस से नाराज वकीलों का प्रदर्शन, सेंटर पर जड़ा ताला

**जबलपुर।** जबलपुर में ओला इलेक्ट्रिक की खराब सर्विस से परेशान वकीलों और उपभोक्ताओं ने सर्विस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। खराब सर्विसिंग, स्पेयर पार्ट्स की कमी और मरम्मत में हो रही देरी से नाराज वकीलों ने प्रतीकात्मक रूप से सेंटर पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शन में कई अन्य उपभोक्ता भी शामिल हुए।

एडवोकेट जीएस ठाकुर ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले ओला का स्कूटर खरीदा था। पिछले साल दिसंबर में एक दुर्घटना के बाद उन्होंने इंश्योरेंस क्लेम के लिए स्कूटर सर्विस सेंटर में जमा कराया था, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी वाहन ठीक नहीं हो सका है। उनका आरोप है कि कंपनी समय पर स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध नहीं करा रही है, जिसके कारण कई गाड़ियां महीनों से सर्विस सेंटर में खड़ी हैं।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सेंटर पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहता, जिससे उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत रखने में परेशानी होती है। छोटे कर्मचारियों को ही ग्राहकों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। उनका आरोप है कि बिक्री के समय बेहतर सर्विस और त्वरित मरम्मत का वादा किया गया था, लेकिन हकीकत इससे अलग है। वकीलों ने कंपनी पर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, विरोध जारी रहेगा।

## जनेकृविवि के उद्यानिकी विभाग ने किसानों को दिया मसाला फसलों का प्रशिक्षण

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के उद्यान शास्त्र विभाग में चल रही एकीकृत बागवानी विकास परियोजना के तहत पनागर ब्लॉक के तिलगवा गांव में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे के मुख्यआतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में धनिया, मेथी, लहसुन, अदरक, सौंफ, कलौंजी, हल्दी जैसी मसाला फसलों और गुलाब, लेमन ग्रास जैसी सगंधीय फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों के बारे में बताया गया। साथ ही जैविक खेती अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एमआईडीएच परियोजना अधिकारी डॉ. रजनी शर्मा, रिटायर्ड विभागाध्यक्ष वानिकी विभाग डॉ. एस. बी अग्रवाल, विषय विशेषज्ञ, केवीके जबलपुर, डॉ. अक्षता तोमर एवं कृषि विस्तार अधिकारी पनागर श्री मनोज चक्रवेश उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पौध सामग्री और जैव उर्वरक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं ने विशेष रूचि लेकर सक्रिय भागेदारी निभाई। लगभग 100 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।



### परेशानी बताने गई आदिवासी छात्राओं से अधिकारी का अपमानजनक व्यवहार, बर्खास्तगी की मांग

## कन्या छात्रावास की छात्राओं ने सहायक आयुक्त के खिलाफ लगाए गंभीर आरोप

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास राइट में आदिवासी छात्राओं ने सहायक आयुक्त सी. के. दुबे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं के अनुसार, अपनी परेशानियों को लेकर अधिकारी के पास गईं तो उन्हें सुनने की बजाय अपशब्द कहे गए और उल्टा छात्राओं पर ही कार्यवाही करने की धमकी दी गई। अधिकारी ने छात्राओं से कहा कि "यहां तमाशा करने आती हो।" छात्राओं ने बताया कि अधीक्षिका द्वारा भी उन्हें लगातार अपशब्द कहे जाते हैं, उनके चरित्र पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता और खाद्य सामग्री में चूहे मिलते हैं। शिकायत करने पर क्षेत्र संयोजक रीता पटेल एवं सहायक आयुक्त के कहने पर उन्हें छात्रावास से निकालने की धमकी भी दी जाती है। अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघ ने इसे अधिकारियों की कुंठित मानसिकता का उदाहरण बताते हुए कहा कि आदिवासी बहनों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए वे अधिकारियों से शिकायत करने गई थीं, लेकिन उल्टा उनका अपमान किया गया। संघ ने अधीक्षक और संबंधित अधिकारियों के बर्खास्तगी की मांग करते हुए शीघ्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर वर्षा मरावी, पियूषा स्वयम, प्रतिभा, अपूर्वा, दीपशिखा, मनीषा, निकिता, नेहा, रुक्मणी, शालिनी, पुष्पलता, नीता, प्रमिला, सिवानी, भारती, सोने लाल, महेश अहिरवार, भूपेंद्र मरावी, विनाय, नीलू, शंकर अहिरवार, अजमेर, सौरभ, शिवराज, राजेश सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



### अधिभार में छूट का लाभ लेने वाले करदाताओं के पास अब मात्र 8 दिन शेष

## रांझी संभाग में बकायादारों पर सख्त कार्रवाईः दुकान सील, नल कनेक्शन काटा और कुर्की नोटिस जारी

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार रांझी संभाग क्रमांक 10 ने राजस्व वसूली अभियान में तेजी लाते हुए बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। लंबे समय से संपत्तिकर और अन्य शुल्क न चुकाने वाले करदाताओं के खिलाफ दुकान सील, नल कनेक्शन काटने और कुर्की नोटिस जैसी कार्रवाइयां की गईं।

अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में बलवंत राज भसीन पर 2,05,046 रुपये बकाया होने के कारण उनकी दुकान सील की गई। गोकलपुर वार्ड में टैक्स न भरने पर एक नल कनेक्शन काटा गया। अन्य वार्डों में शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और लाला लाजपत राय वार्ड के बकायादारों को 3-दिवसीय नोटिस पोस्टर चस्पा किए गए हैं, यदि तीन दिनों में भुगतान नहीं हुआ तो कुर्की की जाएगी।

### सूचीबद्ध बकायादार और बकाया राशि इस प्रकार हैं

शहीद भगत सिंह वार्डः गया प्रसाद साहू – 19,748, अब्दुल रज्जाक – 31,319

गोकलपुर वार्डः बुद्धू सिंह कुर्मी – 24,896

चंद्रशेखर आजाद वार्डः त्रिवेणी बाई – 48,957, जीवन लाल – 40,792

लाला लाजपत राय वार्डः राकेश यादव – 63,476, राम चन्द्र यादव – 54,158

कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह के साथ संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह राजपूत, वार्ड कर संग्राहक सविता सिंह कुशवाहा और पूरी टीम मौजूद रही। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया कर समय पर जमा कर नगर निगम की कार्रवाई से बचें और शहर की प्रगति में योगदान दें। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिभार में छूट का लाभ लेने वाले करदाताओं के पास केवल 8 दिन शेष हैं और 1 अप्रैल से अधिभार दुगना कर दिया जाएगा।

### वायरल खबर ने मचाया हड़कंप, हकीकत निकली उससे उलट

## पड़तालः जंग के चलते शहर के 7 प्रमुख पेट्रोल पम्प बंद ?

**जबलपुर।** शहर में सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हुई कि ईरान में चल रहे युद्ध के कारण जबलपुर के तैय्यब अली, घमापुर, सदर सहित कई प्रमुख पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं और ईंधन संकट गहरा गया है। वायरल मैसेज में दावा किया गया कि अंतरराष्ट्रीय हालात के चलते तेल आपूर्ति ठप हो गई है। जिसके बाद शहर में बड़ी संख्या में घबराहट में टंकी फुल कराने निकल पड़े और कई पम्पों में लम्बी कतारें लग गईं. हालांकि ईएमएस की टीम ने जब जमीनी पड़ताल की तो मामला कुछ और ही निकला।

पड़ताल में सामने आया तैय्यब अली, घमापुर, जैक्शन होटल, सिविल लाईन सदर सहित शहर 6-7 पेट्रोल पम्प ड्राय हुई थे, लेकिन वजह सप्लाई की कमी नहीं दो दिन की छुट्टी थी. जानकारी के अनुसार ईद और रविवार की छुट्टी के कारण डिपो में दो दिन तक नियमित लोडिंग नहीं हो पाई। इसी वजह से शहर के लगभग 7-8 पेट्रोल पंपों पर टैंकर समय पर नहीं पहुंच सके और कुछ पंपों का स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त हो गया। घमापुर, सदर और तैय्यब अली क्षेत्र के कुछ पंप ड्राय हो गए थे, जिसके कारण कुछ घंटों के लिए बिक्री प्रभावित हुई। पेट्रोल पंप संचालकों ने ईएमएस को बताया सोमवार शाम तक टैंकर पहुंच गए और इसके बाद आपूर्ति सामान्य हो गई। सभी पंपों पर फिर से नियमित बिक्री शुरू कर दी गई।

### अफवाहों से बचने की अपील

प्रशासन का कहना है कि शहर में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह बहाल है और किसी तरह का बड़ा संकट नहीं है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय हालात का सीधा असर जबलपुर की तत्काल सप्लाई पर नहीं पड़ा है। हालांकि प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि लोग घबराकर जरूरत से ज्यादा पेट्रोल-डीजल खरीदने लगेंगे, तो कृत्रिम कमी की स्थिति बन सकती है। पैनिक बाइंग से सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ता है और अनावश्यक संकट पैदा हो सकता है।

### अधूरी खबर हुई वायरल

ईएमएस पड़ताल में यह भी सामने आया कि ईंधन संकट को लेकर जो खबर सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही थी, वह अधूरा सच थी लेकिन उसे मौजूदा हालात से जोड़कर वायरल किया गया। इससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी। फिलहाल शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन उपलब्ध है और सप्लाई नियमित रूप से जारी है। प्रशासन और तेल कंपनियों ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।

## खाद्य सुरक्षा अभियान के दौरान रोल्स मेनिया का पंजीयन निलंबित

**जबलपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को अली मार्केट, होमसाइंस कॉलेज रोड, शास्त्री ब्रिज स्थित रोल्स मेनिया में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके कारण खाद्य प्रतिष्ठान का पंजीयन निलंबित कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे के अनुसार, निरीक्षण में वेज और नॉन-वेज खाद्य पदार्थों का संग्रहण एक ही फ्रीजर में पाया गया। इसके अलावा, एक्सपायर्ड सॉस और स्क्वॉश जैसी सामग्री का खाद्य पदार्थों के निर्माण में उपयोग होने का भी पता चला। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताओं से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा होता है।

## भांजे से विवाद के बाद मामा को भी चाकू मारा

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत कसाई मंडी में घर के पास टहल रहे एक युवक पर एक बदमाश ने पुराने विवाद पर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कसाई मंडी दारुल उलूम के पीछे हनुमानताल निवासी 30 वर्षीय रासिद अंसारी गत दोपहर लगभग 2.30 बजे अपने घर के सामने टहल रहा था, तभी चिन्टू उर्फ इस्लाम आया और भांजा सोहेल से हुये विवाद की बात को लेकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चिन्टू उर्फ इस्लाम ने चाकू से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 118(1), 296(बी), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रक चालक पर हमला, सिर में गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान मौत

## बरगी में डीजल चोरी के दौरान ट्रक चालक की हत्या

**जबलपुर।** बरगी थाना क्षेत्र के तिन्सी रेलवे फाटक के पास डीजल चोरी के प्रयास के दौरान एक ट्रक चालक की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार अज्ञात युवकों ने ट्रक के डीजल टैंक का ताला तोड़ा और जब चालक रोहित पड़ते ने विरोध किया, तब उन पर हमला कर दिया गया। गंभीर चोटें आने के कारण रोहित का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक तिलगौरी, सिवनी निवासी रोहित पड़ते नागपुर से ट्रक क्रमांक एमएच 49 एटी 7397 में फ्लैक्स के पाइप ला रहे थे। रास्ते में ट्रक खराब हो गया और तिन्सी रेलवे क्रॉसिंग के पास रोहित ने ट्रक खड़ा किया और सो गए। रात लगभग 3 बजे डीजल चोरी करने आए बदमाशों ने ट्रक के डीजल टैंक का ताला तोड़ा। शोर सुनकर जागे रोहित ने विरोध किया, तब कुछ अज्ञात युवकों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व में डीजल चोरी के आरोप में पकड़े गए संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है।

# गैस संकट जायके पर भारी

## रेस्तरा, ढाबा व स्ट्रीट फूड की दुकानों में तवा रोटी,डोसा मीनू से गायब



**सिहोरा।** गैस संकट ने आधुनिक रसोई को एक बार फिर दशकों पीछे धकेल दिया है लोग गैस के विकल्प के रूप में लकड़ी और कोयले के पारंपरिक चूल्हों पर निर्भर होने को मजबूर हैं वहीं प्रशासन की ओर से पर्याप्त स्टॉक के दावों और जमीनी हकीकत के बीच की खाई ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया नगर में गैस सिलेंडर की समस्या बढ़ती जा रही है। घरेलु के साथ साथ व्यवसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से रेस्टोरेंट, ढाबा व होटल संचालकों को सर्वाधिक समस्या से जूझना पड़ रहा है।गैस की किल्लत से व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद होने लगे हैं तो कई रेस्टोरेंट व ढुकानें बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं। अनेक लोगों का कहना है कि अगर आम उपभोक्ता धैंयता से काम लें और एजेंसी में लाइन न लगाएं तो सबको गैस मिल सकती है पर सब तुरंत सिलेंडर लेने के चक्कर में लम्बी लाइन लगा रहे हैं जिसके चलते गैस वितरण करने वाले कर्मचारियों का पूरा समय गोदाम से सिलेंडर देने में ही चला जाता है तो वे वितरण कब करें। सिलेंडर लेट मिलने का एक कारण समय से गैस का लोड न आ पाना भी बताया जा रहा है।

### लोग सुबह से ही लग जाते हैं लाइन में

गैस संकट को लेकर बेशक शासन-प्रशासन कितने ही दावे करे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। असल बात यह है कि बुकिंग के बाद भी लोगों को पांच से सात दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। लोगों को खुद एजेंसी पर जाकर लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। काफी मशक्कत व कई घंटे इंतजार करने के बाद नंबर आ रहा है। रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग में हो रही देरी के कारण लोगों को अभी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन लोगों के रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग हो गई है उनको पहले की तरह समय से घर पर सिलेंडर न पहुंचने के कारण परेशानी हो रही है। इस वजह से उपभोक्ता एजेंसी पहुंच रहे हैं और उनको लाइन में लगकर गैस की बुकिंग करानी पड़ रही है। गैस एजेन्सी में लगी लम्बी लम्बी कतार प्रशासन के लिए शोध का विषय बन गया है की जो उपभोक्ता साल में दो सिलेण्डर नहीं लेता था उसकी खपत अचानक कैसे बढ़ गई जिसकी गर्मी के दिनों में गैस की खपत कम हो जाती थी।

### सिलेंडर की कमी से ढाबा रेस्टारेंट का कारोबार प्रभावित

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग पर लगी रोक के कारण होटल,रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा होता नजर आ रहा है। गैस सिलेंडरों की सप्लाई रुकने से व्यापारियों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है मिठाई विक्रेताओं और ढाबा संचालकों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई नहीं होने से उन्होने अब तक तो बचे हुए सिलेंडरों के सहारे ही काम चला लिया लेकिन यदि जल्द सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हुई तो खाना बनाना और मिठाइयां तैयार करना मुश्किल हो जाएगा जिससे उन्हें अपने स्टॉल बंद करने पड़ सकते हैं नगर के पुराना बस स्टेंड के चाय विक्रेता का कहना है की गैस सिलेण्डर की किल्लत के कारण वैकल्पिक ईंधन के उपयोग से लागत बढ़ने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिलिंडर के अभाव में व्यापारियों की हालत काफी खराब है।फास्ट फूड विक्रेताओं ने मीनू में कटौती कर दी है।खितौला तिराहा में संचालित रेस्टारेंट ने तवा रोटी नहीं का बोर्ड लगा दिया है।

### धडल्ले से दोड़ रहे तिपहिया

एक ओर घरेलु एंव कामर्शियल गैस उपभोक्ताओं को लम्बी तार लगाने के बाद भी सिलेण्डर नसीब नहीं हो रहा वहीं नगर की आन्तरिक यातायात के नासूर तिपहिया धडल्ले के साथ सड़कों पर दोड़ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि घरेलु गैस से दोड़ रहे इन वाहनों को आपुर्ती कंहा से हो रही है।

# जल संसद 2026 में स्काउट्स एंड गाइड्स की रही सक्रिय सहभागिता

## जल संरक्षण के प्रति युवाओं की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रदर्शन



**जबलपुर।** जल संरक्षण मंच द्वारा आयोजित "जल संसद 2026" कार्यक्रम में जिला संघ जबलपुर के स्काउट्स एंड गाइड्स ने सक्रिय और प्रभावशाली सहभागिता दिखाई। यह कार्यक्रम सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला संरक्षक अजय तिवारी के मार्गदर्शन में तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स और गाइड्स ने जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और किए जा रहे कार्यों को साझा किया। वक्ताओं ने बताया कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा जागरूकता अभियान, रैली, जनसंवाद और विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी, रेंजर आयुषी राठौर और गाइड अपूर्वा गौर ने प्रेरक भाषणों के माध्यम से उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राहुल राजपूत, शुभम ठाकुर, किरण येवले और अंजलि श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। यश हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल, यश हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर, होलीक्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल व्हीकल जबलपुर तथा WSEC स्कूल रेलवे जबलपुर के स्काउट्स और गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

# शक्ति स्थापना दिवस पर प्रस्तुत की महिला सशक्तिकरण की प्रेरक झलक

## रोटरी क्लब का आयोजन, उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं का सम्मान



**जबलपुर।** 22 मार्च 2026 को रोटरी क्लब, जबलपुर में शक्ति स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कीर्ति अभिलाष पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमिता सक्सेना रहीं। शुभारंभ शक्ति प्रार्थना, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से हुआ। महासचिव डॉ. अपर्णा अवस्थी ने राष्ट्रीय एवं महाकौशल स्तर पर शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष डॉ. गीता शुक्ला सहित पूर्व अध्यक्ष डॉ. करुणा वर्मा, डॉ. मीरा रामरख्यानी, डॉ. मुकुल तिवारी, श्रीमती वीणा जैन, श्रीमती ज्योति पारनिकर, श्रीमती अलका पटेल एवं डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में 70 से अधिक लोगों ने भाग लिया तथा नए सदस्य भी जुड़े। इस अवसर पर शक्ति प्रेरणा पुरस्कार डॉ. अनुभा उपाध्याय एवं स्वशक्ति सहयोग पुरस्कार कु. सुनैना साहू को प्रदान किया गया। साथ ही डॉ. अंजू मिश्रा, डॉ. सुधेशना ठाकुर, श्रीमती अंजू खंडेलवाल, डॉ. चारू गंगराडे, डॉ. वर्षा अवस्थी, डॉ. निशा खंडेलवाल एवं डॉ. रचना त्रिवेदी सहित दस महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूर्णिमा ब्यौहार ने किया एवं अतिथि परिचय उषा मेश्राम ने दिया। श्रीमती कामना नायक, अरुष्का नायक व समूह द्वारा माँ नर्मदा पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीना गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बी.ए.पी.एस. स्वामिनारायण संस्था का "चलो बनें आदर्श" कार्यक्रम शुभारंभ

## विद्यालयी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और संस्कार निर्माण पर केंद्रित कार्यक्रम का किया गया आयोजन







**जबलपुर।** बी.ए.पी.एस. स्वामिनारायण संस्था द्वारा जबलपुर जिले के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए "चलो बनें आदर्श" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में आचार्यश्री और शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रथम सत्र में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, योगेश शर्मा, डी.पी.सी., एवं बी.ए.पी.एस. स्वामिनारायण मंदिर के कोषाध्यक्ष पूज्य मुनिदर्शन स्वामी सहित अन्य पूज्य संतों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रतिष्ठित बनाया। द्वितीय सत्र में अशोक रोहाणी, विधायक, एवं रत्नेश सोनकर, शहर बीजेपी अध्यक्ष, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कारों का विकास करना और उन्हें मूल्यनिष्ठ शिक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के तहत "चलो बनें आदर्श" मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सभी विद्यालयों को प्रेरणादायी वीडियो उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायता मिलेगी। इस प्रोजेक्ट की ट्रेनिंग श्री तिलक मोदी, नेशनल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, द्वारा दी गई। गुजरात के सारंगपुर से पधारे पूज्य ज्ञाननयनदास स्वामी ने 'सा विद्या या विमुक्तये' विषय पर प्रेरणादायी प्रवचन प्रस्तुत किया।

उन्होंने शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सच्ची शिक्षा वही है जो व्यक्ति को संस्कारित और मुक्त बनाए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को यह मार्गदर्शन प्राप्त हुआ कि बी.ए.पी.एस. संस्था द्वारा संचालित इस प्रकल्प के माध्यम से बच्चों के संस्कार निर्माण का कार्य प्रभावी रूप से कैसे किया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी शिक्षकों ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु संकल्प लिया।

# मझौली में गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान



## लंबी कतारों के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर, प्रशासन से आपूर्ति बढ़ाने की मांग

**मझौली।** नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से आम उपभोक्ता परेशान हैं। सुमन एचपी गैस एजेंसी पर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन कई लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार त्योहारों के कारण गैस की मांग बढ़ गई है, जबकि आपूर्ति पर्याप्त नहीं हो पा रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद नंबर आने तक सिलेंडर खत्म हो जाते हैं, जिससे उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस समस्या के चलते लोगों का दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# जर्जर भवन की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, परिजनों का हंगामा

## बरगी में हादसा, ट्रैक्टर जब्त कर पुलिस ने शुरू की जांच



**बरगी।** ग्राम पंचायत हरदली, बरगी नगर में रविवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक हादसे में मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मनखेड़ी निवासी 50 वर्षीय धनीराम झरिया सिंचाई विभाग के पुराने जर्जर कार्यपालन यांत्रिक कार्यालय की दीवार से ईंट निकाल रहा था, तभी दीवार अचानक गिर गई और वह मलबे में दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि धनीराम झरिया, नरहर पटेल के ट्रैक्टर में लंबे समय से मजदूरी करता था। घटना के समय वह छोटेलाल झरिया एवं अन्य के साथ कार्य करने गया था। हादसे के बाद साथियों ने उसे घर पहुंचाया, जहां सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना से आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने नरहर पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि अवकाश के दिन जर्जर शासकीय भवन से ईंट निकलवाने भेजा गया, जिससे यह हादसा हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजन व ग्रामीण पुलिस चौकी बरगी नगर पहुंचे और प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। सीएसपी अंजुल मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी नीलेश दोहरे एवं चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने ट्रैक्टर जब्त कर जांच शुरू कर दी है तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को शासकीय योजना के तहत राहत राशि उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की। इधर, सिंचाई विभाग के जर्जर भवनों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, जहां से पहले ही खिड़की-दरवाजे व अन्य सामग्री गायब होने की बात सामने आ रही है। कार्यपालन यंत्री राजेश गौड़ ने स्पष्ट किया कि भवन से सामग्री निकालने का कोई आदेश नहीं दिया गया था और मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# खटीक सोनकर समाज ने तरुण हत्याकांड के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** दिल्ली में हुए तरुण हत्याकांड के विरोध में जबलपुर सोनकर खटीक समाज फ्रेंड्स क्लब के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तरुण कुमार के हत्यारों को कड़ी सजा देते हुए फांसी की सजा देने मांग की गई। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं, इसलिए दोषियों को सख्त सजा दी जाए। ज्ञापन के दौरान पूनमचंद सोनकर, रमेश बेन, दीपमाला सिलावट, अनिल सोनकर, सुमित सोनकर, काशीराम बग्गा, राजेश सेन, विक्की सोनकर, इन्दु सोनकर, आकाश विश्वकर्मा, मनोज साहू, अजायब सिंह, मानसिंह, अजय ग्रोवर, संदीप दाहिया, डॉ. निपुण सिलावट, संगीता सिंह बुंदेला एवं बबला सोनकर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर धनवंतरी नगर में होगा भव्य आयोजन

**27-28 मार्च को नारद मोह लीला व भव्य शोभायात्रा**

**जबलपुर।** संस्कारधानी में श्री राम जन्मोत्सव को लेकर आस्था और उत्साह का वातावरण निर्मित हो रहा है। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के तत्वावधान में 36वां श्री राम जन्मोत्सव 27 एवं 28 मार्च 2026 को धनवंतरी नगर, सांई कॉलोनी गेट के सामने भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 27 मार्च को सायं 7 बजे से नारद मोह लीला का मंचन राजेश मिश्रा के निर्देशन में किया जाएगा। द्वितीय दिवस 28 मार्च को सायं 7 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो धनवंतरी नगर से प्रारंभ होकर पंडा की मढ़िया होते हुए श्री रामलीला प्रांगण में समाप्त होगी। समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राजेंद्र प्यासी एवं कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बघेल "दादाभाई" के मार्गदर्शन में बीते दो माह से तैयारियां की जा रही हैं। महामंत्री डॉ. भूपेंद्र उपाध्याय सहित राकेश पाठक, हरीश मनोध्याय, नीरज दुबे, गणपत कोष्टा, सुरेश तिवारी, मुकेश मिश्रा, हनुमंत सिंह रघुवंशी, मदन गोपाल पटेल, पंकज अवस्थी एवं नरेश मिश्रा ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# बिजली के खंभे से टकराई फोर व्हीलर, बड़ा हादसा टला

## मझौली मेन रोड पर सुबह हुआ हादसा, खंभा गिरने से बिजली आपूर्ति



**मझौली।** नगर के मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग 5 बजे एक फोर व्हीलर वाहन अनियंत्रित होकर जैन मार्केट के सामने बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे खंभा गिर गया। घटना के समय सड़क पर आवाजाही कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि यह दुर्घटना दिन के समय होती तो गंभीर परिणाम हो सकते थे, क्योंकि इस मार्ग पर उस समय काफी भीड़ रहती है। खंभा गिरने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग एवं स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण वाहन की तेज रफ्तार या चालक का नियंत्रण खोना माना जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मुख्य मार्ग पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। साथ ही मझौली में डिवाइडर निर्माण की मांग भी उठाई गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।





# आप ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सिहोरा।** आम आदमी पार्टी कार्यालय में भगत सिंह,सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु आदि क्रांतिकारीयों के द्वारा 1931 में दिए गये सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।वक्ताओं ने कहा कि यह दिन देश की आजादी के लिए उनके साहस और देशभक्ति को नमन करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए समर्पित है। जिला उपाध्येक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने लाहौर जेल में भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी दे दी। यह घटना स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण क्षण बन गई। तीनों क्रांतिकारियों ने अपने साहस और देशभक्ति के बल पर पूरे देश में आजादी की चेतना को जगाया।इस अवसर पर पार्टी के मुन्ना राय,संजय पाठक,जितेन्द्रे श्रीवास,जमुना प्रजापति,गुलाबसिंह मरकाम,राजेश तिवारी,अमित विश्वंकर्मा आदि उपस्थित थे।

# निधन

**श्रीमती कमला बाई बेन-** हाथीताल स्थित रोजगार कार्यालय के निकट निवासी श्री सुंदर लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई बेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या हांडा-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री वेद प्रताप हांडा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या हांडा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शैलेष कुमार पटेल-** एकता विहार रतन नगर निवासी श्री लालाराम भाई पटेल के पुत्र श्री शैलेष कुमार पटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर कुमार नन्हेंट-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री किशोर कुमार नन्हेंट का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मिथलेश-** इंद्रा मार्केट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री नरहरि की धर्मपत्नी श्रीमती मिथलेश (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू बेन-** आजाद चौक रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री फूलचंद बेन के पुत्र श्री बबलू बेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री तूफानी यादव-** करमेता आरटीओ आफिस के पास निवासी श्री तूफानी यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दादूराम मलिक-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दादूराम मलिक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार सैनी-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री मुकेश कुमार सैनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्नालाल हाथीपछेल-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मुन्नालाल हाथीपछेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अतुल खरे-** गौतम मढ़िया के पास गढ़ा निवासी श्री विनोद खरे के पुत्र श्री अतुल खरे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छाया घोष-** पटेल नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री अरूण कुमार घोष की धर्मपत्नी श्रीमती छाया घोष (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती तिवारी-** होम साइंस कॉलेज कैम्पस निवासी श्री हनुमान प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बबली वाल्मीक-** सर्किट हाउस नं. 2 साउथ सिविल लाइन निवासी श्री जय कुमार वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती बबली वाल्मीक (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती निर्मला सक्सेना-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र मोहन सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सक्सेना (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री खानचंद बुधरानी-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री खानचंद बुधरानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# एटीएम से कैश निकासी सीमा को लेकर एक अप्रैल से नियमों में होने जा रहे बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगले महीने से बैंकिंग से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव होने वाले हैं। जिनका असर सीधे एटीएम इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों पर पड़ेगा। 1 अप्रैल 2026 से एचडीएफसी बैंक समेत कई बैंकों ने कैश निकासी की लिमिट, ट्रांजैक्शन फीस और अन्य शर्तों में बदलाव करने की तैयारी की है।

ऐसे में एटीएम से पैसे निकालने और उससे जुड़े चार्ज पहले जैसे नहीं रहेंगे। इसलिए ग्राहकों के लिए नए नियमों को समझना जरूरी है। ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। आरबीआई गाइड लाइन के तरह नए नियम एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे।

## कई बैंकों ने कैश निकासी की सीमा को लेकर किया बदलाव

### पीएनबी ने घटाई एटीएम निकासी सीमा

1 अप्रैल से पंजाब नेशनल बैंक अपने कुछ डेबिट कार्ड्स पर कैश निकालने की लिमिट कम करने जा रहा है। नए नियम के अनुसार, जहां पहले ग्राहक एक दिन में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते थे। वहीं, अब यह सीमा घटाकर 50,000 रुपए करने का फैसला लिया गया है। यह नियम चुनिंदा डेबिट कार्ड्स पर लागू होगी। इसके अलावा, बैंक ने अपने कुछ प्रीमियम कार्ड्स की दैनिक निकासी सीमा भी घटा दी है। इन कार्ड्स से पहले 1.5 लाख रुपए तक निकाले जा सकते थे। लेकिन अब यह सीमा 75,000 रुपए कर दी गई है।



### बंधन बैंक ने भी बदले एटीएम नियम

बंधन बैंक ने भी अपने ग्राहकों के लिए एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। अब ग्राहक बैंक के अपने एटीएम पर महीने में सिर्फ 5 फ्री फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। जबकि दूसरे बैंकों के एटीएम से यह सीमा घटाकर 3 कर दी गई है। तय लिमिट पार करने के बाद हर अतिरिक्त ट्रांजैक्शन पर 23 रुपए का चार्ज लिया जाएगा।

### एचडीएफसी बैंक ने ये बदलाव किए

एचडीएफसी बैंक ने यूपीआई बेस्ड एटीएम कैश विथड्रॉल को फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट से जोड़ने का फैसला लिया है। यानी कि लिमिट क्रॉस करने के बाद हर एटीएम ट्रांजैक्शन पर ग्राहकों को एकस्ट्रा भुगतान करना होगा। नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले हैं। नए नियमों के तहत तय फ्री लिमिट खत्म होने के बाद ग्राहकों को हर अतिरिक्त एटीएम ट्रांजैक्शन पर 23 रुपए के साथ टैक्स देना होगा। एचडीएफसी बैंक ने मेट्रो शहरों में मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा 3 और नॉन-मेट्रो शहरों में 5 तय की है। जिसके बाद किए गए हर लेनदेन पर यह चार्ज लागू होगा।

## खबर संक्षेप



### एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 88,180 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भारत की वृद्धि और कंपनियों की कमाई पर असर पड़ने की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 88,180 करोड़ रुपये (लगभग 9.6 अरब डॉलर) निकाले हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई की यह निकासी फरवरी में उनके द्वारा की गई खरीदारी के बाद देखने को मिली है।

### इनोविजन का शेयर 10% से अधिक गिरकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन एवं टोल प्लाजा प्रबंधन सेवाएं देने वाली कंपनी इनोविजन लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 519 रुपये के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 466 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 10.21 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। दूसरी ओर, एनएसई पर यह 9.88 प्रतिशत टूटकर 467.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 914.67 करोड़ रुपये रहा।




### 10 माह में कोयला आयात में 4.2 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 4.2 प्रतिशत घटकर 21.31 करोड़ टन रहा है। समुद्री मार्ग से ढुलाई महंगी होने के कारण अभी कोयला आयात कमजोर ही रहने की संभावना है। आयात में गिरावट से पता चलता है कि देश कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, जबकि घरेलू उत्पादन बढ़ रहा है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति में आई बाधा की वजह से वैश्विक स्तर पर तापीय कोयले की कीमतें चढ़ रही हैं।



### इंडियन बैंक ने ब्रांड से जुटाए 5000 करोड़ रुपए

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने 10 वर्ष की अवधि वाले दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड जारी कर 7.15 प्रतिशत की कूपन दर पर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार, बैंक को 7.13 प्रतिशत कूपन दर पर कुल 3,100 करोड़ रुपये के लिए दो बोलियां मिलीं। इसके अलावा 7.14 प्रतिशत और 7.15 प्रतिशत कूपन दर पर क्रमशः 4,100 करोड़ रुपये तथा 5,050 करोड़ रुपये की दो-दो बोलियां प्राप्त हुईं। बाजार प्रतिभागियों ने बताया कि बैंक को 5,075 करोड़ रुपये की एक और बोली भी मिली। बैंक की योजना 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की थी।




## सेबी के निदेशक मंडल ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की दी मंजूरी

# सेबी बोर्ड ने एफपीआई निपटान नियमों को दी मंजूरी, हितों के टकराव पर सिफारिशें स्वीकार कीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए धनराशि निपटान के नियमों को सरल बनाना और बाजार मध्यस्थों के लिए नियामक ढांचे में बदलाव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निदेशक मंडल (बोर्ड) ने सेबी अधिकारियों से संबंधित 'हितों के टकराव' और संपत्तियों का खुलासे करने पर बनी उच्च स्तरीय समिति की कई सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्युष सिन्हा ने की थी।

**बाजार मध्यस्थों के लिए नियामक ढांचे में बदलाव किया गया**

## एफपीआई के लिए धनराशि निपटान नियमों को सरल बनाया

### खुलासे से जुड़े मामलों की समीक्षा होगी

समिति का गठन सेबी अधिकारियों द्वारा संपत्ति, निवेश, देनदारियों और अन्य संबंधित मामलों के खुलासे से जुड़े मौजूदा प्रावधानों की व्यापक समीक्षा के लिए किया गया था। बोर्ड ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट), बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) और वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) से संबंधित 'कारोबार सुगमता' के प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी है।



### आरोप पत्र दाखिल होने से अब अयोग्य नहीं

इसके तहत एआईएफ को किसी योजना को बंद करने की प्रक्रिया में ढील देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। साथ ही, बोर्ड ने बाजार मध्यस्थों के लिए 'योग्य और उचित इकाई' होने के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इसमें आर्थिक अपराध के मामलों में केवल प्राथमिकी या आरोप पत्र दाखिल होने मात्र से किसी व्यक्ति को काम करने से रोकने या अयोग्य ठहराने के नियम को हटाने का प्रावधान शामिल है।

### जानकारी सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी

नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं।

### आईपीओ खुलासे के नियमों को सरल बनाया

सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है। अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा।

### कंपनी के आवेदन पत्र में हो क्यूआर कोड

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों और विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सेबी ने शब्द सीमा भी निर्धारित की है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

### स्वतंत्र निदेशक जिम्मेदारी से काम करें

एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें।

# 'प्रेस नोट तीन' में बदलाव से भारत के एफडीआई में चीन की हिस्सेदारी बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

सरकार द्वारा 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

■ **रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपने रिपोर्ट में कहा**

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत था। हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है।




### मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय

रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।

## गिरावट की प्रमुख वजह कमजोर घरेलू मांग व वैश्विक रुझानों में सुस्ती रही

# कमजोर मांग से सोना 9,050 रुपए टूटा चांदी में आई 10,500 रुपए की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''कीमती धातुओं में पिछले सप्ताह की गिरावट बढ़ गई। सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान में हाजिर सोना चार महीने के निचले स्तर पर फिसल गया।'' गांधी ने तेज गिरावट के लिए पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को जिम्मेदार ठहराया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें ऊंची हो गईं और मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ गईं। इससे कठोर मौद्रिक नीति रुख की आशंका बढ़ गई। गांधी ने कहा, ''कठोर मौद्रिक नीति की संभावना ने अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल को बढ़ावा दिया और डॉलर को मजबूत किया, जिससे सोने और चांदी पर और दबाव बढ़ गया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 227.42 डॉलर या 5.06 प्रतिशत टूटकर 4,263.73 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 4.25 डॉलर या 6.3 प्रतिशत टूटकर 63.53 डॉलर प्रति औंस रह गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि बढ़ती ब्याज दर की उम्मीदों के कारण कीमतों पर असर पड़ने के चलते विदेशी बाजारों में हाजिर सोने में गिरावट जारी रही।

### सोना टूटकर 1.43 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया चांदी भी लुढ़ककर 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आई




### पिछले सप्ताह सोने में 10 फीसदी की गिरावट आई थी

सिंह ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो चार दशक से अधिक की सबसे खराब साप्ताहिक गिरावट है। वेंचुरा में जिंस और सीआरएम के प्रमुख एन एस रामास्वामी ने कहा कि ईरान संघर्ष के कारण हुए हालिया तेल के झटके ने उन देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है जो सोने के भंडार का निर्माण कर रहे थे।

# अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में बढ़ी अस्थिरता

## आरबीआई ने जारी अपने बुलेटिन में कहा

एजेंसी ⏭ मुंबई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका द्वारा नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) के बुलेटिन में सोमवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। बुलेटिन के अनुसार, वित्त 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पद (जीडीपी) के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। इसमें कहा गया, ''अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं।''




### सीपीआई खाद्य कीमतों में तेजी के कारण बढ़ी

बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी। इसमें कहा गया है कि प्रणाली में नकदी की स्थिति संतोषजनक बनी रही और वाणिज्यिक क्षेत्र को मिलने वाले कुल वित्तीय संसाधनों में वृद्धि हुई, जिसमें बैंक और गैर-बैंक दोनों स्त्रोतों से वित्तपोषण बढ़ा।

### अदाणी ग्रीन की गुजरात में बिजली परियोजना शुरू

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में 510 मेगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इन संयंत्रों के चालू होने के साथ ही उसकी कुल संचालित नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,982.3 मेगावाट हो गई है। ये 510.1 मेगावाट की कुल क्षमता वाली बिजली परियोजनाएं उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से चालू की गई हैं। आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद इन संयंत्रों को 22 मार्च से चालू करने और बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया था। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID- 2026_UAD_493165_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 हेतु संभाग क्रमांक 01 गढ़ा के अंतर्गत चैम्बर निर्माण एवं अन्य कार्य। | 845451.00 | 2,000/- | 07/04/2026 |
| | PRO- 997 Date- 23/03/2026 | | 02 माह | 8460/- | |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**महाराष्ट्र शासन**
**डॉ. वैशंपायन स्मृति शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय सोलापूर**
जिल्हा न्यायालयासमोर, सिव्हिल चौक, सोलापूर. ४१३००३.
Dean- 0217-2319448 Fax-0217-2310766 email- deansolapuri@gmail.com ebsite- vmgmc.edu.in

अधिष्ठाताए डॉ. वैशंपायन स्मृति शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालयए सोलापूर ४१३००३ नोंदणीकृत असलेल्या पुरवठादाराकडून निर्लेखित १.५ Tesla MRI Machine च्या विक्री करण्याकरीता ई.निविदा प्रणालीव्दारे ऑनलाईन निविदा मागवित आहोत. निविदा कागदपत्रे शासनाच्या संकेतस्थळावर http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही याची नोद घ्यावी.

| | | |
|---|---|---|
| ई निविदा उपलब्ध कालावधी | :- | दि. १८/०३/२०२६ (स. ०९.०० वाजेपासुन) ते दि. ०८/०४/२०२६ (सायं ०४.०० पर्यंत) |
| तांत्रिक व आर्थिक निविदा सादर करणेचा अखेरचा दिनांक | :- | दि. ०८/०४/२०२६ (सायं ०४.०० पर्यंत) |
| मुळ दस्तऐवज सादर करण्याचा अंतिम दिनांक | :- | ई.निविदापोर्टलवर "बीड लॉक" झाल्यानंतर हार्डकॉपी (मुळप्रत) २ प्रतित पुरवठादारांनी खालील कार्यालयामध्ये सादर करणे अनिवार्य आहे. मा. अधिष्ठाता, डॉ. वैशंपायन स्मृति शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय, सोलापूर |
| निविदा उघडण्याचा कालावधी ठिकाण व वेळ | :- | दि. ०९/०४/२०२६ रोजी मा. अधिष्ठाता, डॉ. वैशंपायन स्मृति शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय, सोलापूर यांचे कार्यालयात सांय ०४.०० वाजता. |

निविदा सुचना बाबतची सविस्तर माहिती खालील संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. http://mahatenders.gov.in

(डॉ. आर डी जयकर)
अधिष्ठाता
डॉ. वैशंपायन स्मृति शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय
सोलापूर.

आरओसी.२०२५-२६/क्र.५/C६७५१

# शार्प में एसी के लिए अंबर के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एयर कंडीशनर (एसी) के स्थानीय उत्पादन के लिए अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। जापानी शार्प कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय इकाई शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एक बयान में कहा कि यह कदम दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते कूलिंग बाजारों में से एक में उसके विस्तार की योजनाओं को मजबूत करेगा। कंपनी का लक्ष्य अगले पांच साल में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और देशभर में वितरण नेटवर्क को मजबूत कर भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में दो से तीन प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। यह बाजार सालाना एक करोड़ इकाई की बिक्री के आंकड़े को पार कर चुका है।




**पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग हेतु भरती परीक्षा-2025**

**(मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण)**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार, उपनिरीक्षक भरती परीक्षा 2025 हेतु मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग हेतु भरती परीक्षा 2025 की प्रथम चरण लिखित परीक्षा में सफल हुये अभ्यर्थी ही पात्र होंगे एवं परीक्षा शुल्क भर सकेंगे। मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण की परीक्षा शुल्क भरने की तिथियां निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | परीक्षा शुल्क का भुगतान दिनांक | 24.03.2026 से 30.03.2026 तक |
| 2. | ऑनलाइन मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण दिनांक | 09.04.2026 |

अभ्यर्थी Website : **https://esb.mponline.gov.in** के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।
उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण में सम्मिलित हो सकेंगे।
विज्ञापन क्र. 108/2026 म.प्र. माध्यम/125036/2026

**संचालक**
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in

## चिंतन

# युद्ध के अल्पविराम को पूर्ण विराम में बदलने का वक्त

मध्य-पूर्व में तनाव के बीच हालात इस ओर इशारा कर रहे हैं कि अब बंदूकें खामोश होने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। सवाल यह है कि क्या दुनिया इस मौके को पूर्ण विराम में बदल पाएगी, या फिर यह विराम अगली भीषण टकराहट का सिर्फ एक अंतराल बनकर रह जाएगा? इस संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके झटके पूरी दुनिया को झकझोर देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया। ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि तकनीकी और सैन्य श्रेष्ठता आज भी निर्णायक भूमिका निभाती है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी जवाबी कार्रवाई से यह साबित कर दिया कि वह दबने वाला नहीं है। उसने न केवल अपने क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखा, बल्कि सैन डियागो पर असफल हमला कर पश्चिमी देशों को यह चेतावनी भी दी कि किसी भी आक्रामक कदम की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यही वह बिंदु है, जहां यह युद्ध अपने "औचित्य" की सीमा पर पहुंच चुका है। जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुके हैं और एक-दूसरे को संदेश दे चुके हैं, तब संघर्ष को जारी रखना केवल विनाश को आमंत्रण देना होगा। युद्ध का उद्देश्य यदि राजनीतिक या सामरिक बढ़त हासिल करना था, तो वह काफी हद तक पूरा हो चुका है। अब आगे की लड़ाई केवल संसाधनों की बर्बादी और मानवता के खिलाफ अपराध बनकर रह जाएगी। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। हालांकि, ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें, अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों। ऐसे में गतिरोध की स्थिति बनना स्वाभाविक है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि तनाव कम होते ही तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अब समय आ गया है कि बारूद की भाषा को छोड़कर बातचीत की भाषा अपनाई जाए। युद्ध का यह अल्पविराम इतिहास के पन्नों में एक निर्णायक मोड़ बन सकता है, बशर्ते इसे समझदारी और दूरदृष्टि के साथ पूर्ण विराम में बदला जाए।

## मंथन
कमलाकर सिंह



# चयन प्रक्रिया व उपेक्षित उत्कृष्ट कृतियों पर पुनर्विचार आवश्यक

साहित्य अकादमी पुरस्कार को लेकर उठती बहस केवल एक लेखक या कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंदी साहित्य में सम्मान की कसौटियों, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समय पर मूल्यांकन जैसे व्यापक प्रश्नों को सामने लाती है।

इन दिनों ममता कालिया को उनके संस्मरणात्मक लेखन 'जीते जी इलाहाबाद' पर मिले साहित्य अकादमी पुरस्कार की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। अखबारों, सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी-"आखिर मिल ही गया ममता कालिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार"- ने इस बहस को और तीखा बना दिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि किसी लेखक को पुरस्कार मिलने पर इस तरह की प्रतिक्रिया क्यों उत्पन्न होती है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें यह पुरस्कार बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। कुछ लोगों ने तो उनकी समग्र रचनात्मकता को ही औसत बताया। इन बातों पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करता, परंतु बड़ा प्रश्न यह है कि इस पुरस्कार का आधार लेखक होता है या कृति? हिंदी साहित्य में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां महत्वपूर्ण रचनाकारों को समय रहते सम्मान नहीं मिला। रमेश चंद्र शाह और रमेश कुंतल मेघ के संदर्भ में यह बात कही जाती रही है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे महान रचनाकार को उनके जीवनकाल में यह सम्मान नहीं मिला और धर्मवीर भारती जैसे महत्वपूर्ण साहित्यकार भी इससे वंचित रह गए। यह स्थिति पुरस्कार-प्रक्रिया के मानदंडों पर पुनर्विचार की मांग करती है। हिंदी जैसी विशाल भाषा, जिसके करोड़ो पाठक हैं, उसमें यदि पुरस्कारों की संख्या और संरचना सीमित रहेगी तो अनेक योग्य रचनाकार अनदेखे रह जाएंगे। ऐसे में विभिन्न विधाओं के लिए पृथक पुरस्कारों की व्यवस्था एक सार्थक विकल्प हो सकता है।

यह भी देखा गया है कि कई महत्वपूर्ण कृतियां समय पर सम्मान से वंचित रह जाती हैं, जबकि कभी-कभी कम प्रभावी रचनाएं भी पुरस्कृत हो जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि साहित्य अकादमी अपनी चयन-प्रक्रिया और ज्यूरी संरचना को अधिक लोकतांत्रिक और समावेशी बनाए, ताकि हाशिए पर छूटते हुए लेखकों को भी समान अवसर मिल सके। यह पुरस्कार केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और बौद्धिक प्रवाह को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी संदर्भ में आनंद कुमार सिंह की काव्यकृति 'अथर्वा मैं वही वन हूं' विशेष ध्यान आकर्षित करती है जो साहित्य अकादमी की विचारणीय सूची में शीर्ष पर थी। वर्ष 2021 में प्रकाशित यह कृति अल्प समय में ही हिंदी-जगत में व्यापक विमर्श का केंद्र बन गयी। अशोक वाजपेयी ने 28 नवंबर 2021 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में कृति के लोकार्पण समारोह में कहा था- " कविता में भाषा का एक काम यह है कि वो वहां ले जाए जहां, पहले कविता कभी न गई हो, न भाषा कभी गई हो। मेरे हिसाब से इस पुस्तक की एक प्रशस्ति ये हो सकती है कि इसने भाषा और कविता दोनों को वहां ले जाने की कोशिश की है जहां कम से कम पिछले पचास वर्षों में हिंदी कविता नहीं गई है।" अनेक विश्वविद्यालयों में इस पर शोध हो रहे हैं तथा आलोचनात्मक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। किसी काव्यकृति के प्रकाशन के कुछ वर्षों के भीतर इस प्रकार की बौद्धिक सक्रियता कम ही देखने को मिलती है। यह कृति समकालीन हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है। ऐसे समय में जब गंभीर साहित्य के लिए पाठकीय आधार सिकुड़ता प्रतीत होता है, यह कृति एक नई संभावना का संकेत देती है। आनंद कुमार सिंह की यह कृति उनकी छब्बीस वर्षों की साधना का परिणाम है, जो अपने समय की आलोचना करते हुए भारतीय ज्ञान-परंपरा का काव्यात्मक पुनर्पाठ प्रस्तुत करती है। उनकी अन्य कृतियां- 'सौंदर्य जल में नर्मदा' और 'विवेकानंद'-भी इस सृजनात्मक ऊंचाई की पुष्टि करती हैं। 'अथर्वा मैं वही वन हूं मुक्त छंद में महाकाव्य की रचना को संभव बनाती है और हिंदी के लिए एक गौरवग्रंथ के रूप में उपस्थित है। साहित्य किसी भी सभ्यता की आत्मा होता है। आज जब समाज तीव्र गति से तकनीक-निर्भर होता जा रहा है, साहित्य की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार ममता कालिया को मिला, यह स्वागत योग्य है; किन्तु अब कृति पर गंभीरता से विचार होना चाहिए, जो अपने समय को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ साहित्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

(लेखक भोज मुक्त विवि भोपाल के पूर्व कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# दुनिया पर भारी पड़ता जंग का जुनून

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का यह चौथा सप्ताह है, लेकिन शांति की कोशिशों के बजाय उसे भड़काने का जुनून ही सिर चढ़ कर बोल रहा है। जंग के पक्ष और सफलता को लेकर इन देशों के अपने-अपने तर्क और दावे हो सकते हैं, पर हकीकत डरावनी होती जा रही है। इस बीच अफवाह युद्ध भी जारी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के मर जाने या घायल होने का दावा अमेरिका और इजराइल कर रहे हैं तो जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत का दावा किया जा रहा है।

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं। अमेरिका अब कन्फ्यूज्ड ज्यादा नजर आ रहा है। कभी ट्रंप कहते हैं कि किसी देश की मदद नहीं चाहिए तो कभी गुहार लगाते हुए धमकाते हैं। अभी तक कह रहे थे कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बंद होने से अमेरिका को फर्क नहीं पड़ता तो अब 48 घंटों में न खुलने पर भयावह परिणामों की धमकी दे रहे हैं। अपनी जवाबी कार्रवाई से चौंका रहे ईरान ने भी धमकी दे दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया तो वह भी अमेरिका के मित्र खाड़ी देशों के ऊर्जा ही नहीं, पेयजल संयंत्रों को भी ठिकाना बनाएगा। ध्यान रहे कि इन देशों में उपलब्ध ज्यादातर जल खारा है, जिसे इन संयंत्रों में पीने योग्य बनाया जाता है। ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया तो उसने भी इजराइल के डिमोना परमाणु केंद्र पर हमला करने में देर नहीं लगाई। विडंबना यह है कि जंग के इन जुनूनी बोलों के बीच शांति की समझदारी के सुर अभी तक कहीं से भी सुनाई नहीं पड़े हैं। याद रहे कि रूस और यूक्रेन युद्ध के सीमित दायरे के बावजूद युद्ध विराम की कोशिशें और दावे नजर आये थे। अनेक संघर्ष विराम का श्रेय लेते हुए अपने लिए शांति का नोबेल पुरस्कार मांगते रहे ट्रंप ने भी जल्द रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के दावे किए थे। उसी क्रम में उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को अमेरिका बुलाकर अपमानित किया तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कई बार बात की, लेकिन बात बनी नहीं और युद्ध चार साल बाद भी जारी है, जिसमें लगभग 18 लाख सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था की विद्रूपता देखिए कि खुद को शांतिदूत बताने वाले ट्रंप ने ही इजराइल के साथ मिल कर ईरान पर हमले से खुद दुनिया को बड़ी जंग में धकेल दिया है। रूस और यूक्रेन की तरह



इजराइल-अमेरिका और ईरान के पास अपनी जंग को जायज ठहराने के तर्क हैं। इजराइल और ईरान अरसे से एक-दूसरे की आंखों में खटकते रहे हैं। अमेरिका भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का हौव्वा दिखा कर दुनिया को डराता रहा है। परमाणु कार्यक्रम तथा हमास, हूती और हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठनों को कथित ईरानी मदद के मुद्दे पर अमेरिका और ईरान में तीसरे देश में वार्ताएं भी चलीं। 26 फरवरी को जिनेवा में हुई वार्ता में ईरान परमाणु कार्यक्रम सीमित रखने पर राजी भी हो गया था, बशर्ते उसके विरुद्ध 1979 से लागू अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध हटा लिए जाएं, जिनके चलते उसकी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।

आतंकी संगठनों को कथित मदद पर अगली वार्ता में बात आगे बढ़ पाती, उससे पहले ही इजराइल के साथ मिलकर अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोल दिया। अब जबकि ईरान ने मित्र देशों के अलावा सभी के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया है, ट्रंप की मदद की गुहार उनके दोस्त देश भी नहीं सुन रहे। हाल के इतिहास में विश्व व्यवस्था में अमेरिका इतना अकेला कभी नहीं दिखा। बड़े सुरक्षा अधिकारी जो केंट द्वारा इस्तीफा देते हुए किए गए इस खुलासे ने भी ट्रंप को कठघरे में खड़ा कर दिया है कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं। खामेनेई शासन की कट्टर इस्लामी व्यवस्था के विरोध में ईरान में प्रदर्शन किसी से छिपे नहीं रहे। दमनचक्र के चलते हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अमेरिका और इजराइल को लगा कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही असंतोष और मुखर हो जाएगा, जिसका फायदा उठाते हुए ईरान में कठपुतली सरकार बनवाकर अकूत तेल और गैस संसाधनों पर कब्जा कर लिया जाएगा। खामेनेई के खात्मे के बाद ईरानियों से सड़कों पर निकल कर सत्ता पर कब्जा कर लेने का आह्वान भी किया गया, लेकिन विदेशी आक्रमण के चलते वह आंतरिक असंतोष भी बीते वक्त की बात लगता है। दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध झेलने के बावजूद आधुनिकतम हथियारों से लैस अमेरिका और इजरायल को ईरान जंग में जैसा जवाब दे रहा है, लगता नहीं कि युद्ध जल्द समाप्त होगा। अमेरिकी सैन्य अड्डे वाले खाड़ी देशों को निशाना बनाने के साथ ही अमेरिका और इजराइल पर भी ईरान सीधे हमले कर चौंका रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट कितना गहरा सकता है, इसका संकेत इसी से मिल जाता है कि हाल तक भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब उस समेत तमाम देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने को कह रहा है। ईरान से तेल खरीद पर लगा प्रतिबंध भी कुछ समय के लिए हटा लिया गया है। तीन सप्ताह की जंग में ही कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आया उछाल बेहद मुश्किल वक्त की आहट ही है, लेकिन जंग के जुनून के बीच शायद कोई उसे सुनना नहीं चाहता।

लंबी जंग से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाली मार आर्थिक मंदी का कारण भी बन सकती है। वैसे यह आपदा रूस और अमेरिका की तेल कंपनियों के लिए जबर्दस्त कमाई का अवसर बन गई है। पिछले महीने कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल बेचने वाला रूस अब 100 डॉलर प्रति बैरल बेच रहा है। अंजाम तो समय बताएगा, लेकिन असर बता रहा है कि दुनिया का चौधरी बनने की सनक में ट्रंप ने दुनिया को ऐसी जंग में झोंक दिया है, जिससे निकलना तो मुश्किल होगा ही, उसके असर से बच पाना नामुमकिन होगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन-ऊर्जा का प्रवाह भीतर की ओर हो



संकलित
**दर्शन**

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## सटाका




## आज की पाती

### ईरान की नीति और ऊर्जा संकट

दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। बहरहाल, यह लड़ाई अब बातचीत के जरिए खत्म होनी चाहिए। – *नमिश कुमार, रोहतक*

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस के समीप स्थापित की गई कोलंबस की प्रतिमा

इतालवी खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस की एक प्रतिमा को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा इस कथित विवादित खोजकर्ता को सम्मान देने के प्रयास का हिस्सा है। यह उस प्रतिमा की प्रतिकृति है, जिसे 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान देशभर में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच बाल्टीमोर के बंदरगाह में फेंक दिया गया था। ट्रंप पारंपरिक रूप से कोलंबस को 1492 के उस अभियान के नेता के रूप में देखते हैं, जिसे अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद की अनौपचारिक शुरुआत और आधुनिक आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विकास का आधार माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में कोलंबस को पश्चिमी यूरोप द्वारा 'न्यू वर्ल्ड' उसके संसाधनों और मूल निवासियों के दमन और शोषण के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। 'न्यू वर्ल्ड' से तात्पर्य अमेरिका (उत्तरी, दक्षिणी और मध्य अमेरिका) और आसपास के द्वीपों से है व्हाइट हाउस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इस व्हाइट हाउस में क्रिस्टोफर कोलंबस एक नायक हैं और राष्ट्रपति ट्रंप यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें इसी रूप में सम्मानित किया जाए।'



## ऑफ बीट

# खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

## X ट्रेंड f

### लोहिया को श्रद्धांजलि



डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत की प्रगति में योगदान दिया। लैंगिक समानता और सहभागी शासन पर उनके विचार भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कच्चे तेल का भंडारण



बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्व है और 65 से अधिक की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### प्रेरणा स्रोत



महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के लिए बेखौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता



नया उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति को अपना रहा है। पुच एआई के साथ 25,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन से राज्य में एआई पार्क, बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर अवसंरचना, एआई कॉमन्स और एक एआई विश्वविद्यालय स्थापित होंगे।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जीआई टैग का उपयोग कर रतलामी सेव की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बनाएं पहुंच

## क्षेत्रीय पहचान को मजबूत कर नए उद्योगों का होगा बहुमुखी विकास

## रतलामी सेव पर केंद्रित एक जिला एक उत्पाद समिट 2026 सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार के प्रयासों से रतलाम के सेव (रतलामी सेव-मोटे किस्म का नमकीन), शिवपुरी की जैकेट और मुरैना की गजक जैसे उत्पाद प्रदेश की पहचान बन चुका है। खासकर 'एक जिला एक उत्पाद यानि ओडीओपी' योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के पारंपरिक उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर उन्हें वैश्विक स्तर तक पहुंचाना है।

मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप रविवार को रतलाम में एक जिला एक उत्पाद समिट 2026 को संबोधित कर रहे थे। समिट में उद्यमियों के अलावा निवेशकों और अधिकारियों ने सहभागिता की। उन्होंने उद्यमियों से अपील की है कि वे जीआई टैग का अधिकतम उपयोग कर रतलामी सेव के उत्पाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थापित करें। सबका प्रयास हो कि रतलामी सेव के नाम के साथ काम भी विश्व स्तरीय हो।



समिट को संबोधित करते मंत्री कश्यप।

### जीआई टेग दिलवाने वाले शैलेन्द्र गांधी को सम्मानित किया

मंत्री काश्यप ने समिट मे रतलाम सेव को जीआई टेग दिलवाने वाले शैलेन्द्र गांधी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएसएमई मंत्री काश्यप एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत उद्बोधन मनोहर पोरवाल अध्यक्ष रतलामी सेव मंडल ने दिया। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार ने कार्यक्रम में विभागीय पहलों एवं एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

### बी2बी एवं जी2बी मीटिंग्स

कार्यक्रम में रतलामी सेव की उत्पत्ति, विकास यात्रा एवं विशिष्टताओं पर डिजिटल प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों को ऐतिहासिक एवं व्यावसायिक महत्व, मार्केटिंग एवं लॉजिटिक्स से अवगत कराया गया। उत्पादन, गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानक और निर्यात अवसर पर चर्चा की गई। उत्पादन, शेल्फ लाइफ, निर्यात एवं बीएसएम सत्र मे उत्पादन, गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानक, निर्यात अवसर एवं क्रेता-विक्रेता मीटिंग (बीएसएम) के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान बी2बी एवं जी2बी मीटिंग्स, वन-टू-वन इंटरैक्शन तथा क्रेता-विक्रेता मीटिंग का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय उद्यमियों को संभावित खरीदारों एवं संस्थागत साझेदारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ।

### स्थानीय उद्यमों के विकास के लिए प्राथमिकता

मंत्री काश्यप ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को पहचान दिलाने के लिए किए गए कार्यों एवं रतलामी सेव को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने वाले व्यक्तियों और व्यावसाईयो का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं। स्थानीय उद्यमों के विकास के लिए प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए प्राथमिकता से काम करते हुए उद्यमियों को प्रदेश मे निवेश के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए औद्योगिक नीति को सरल बनाया है। उन्होंने उद्यमियों से अनुरोध किया कि वे जिले में आकर रतलाम सेव के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के काम मे सहयोग करें।

### जीडीपी में कृषि का योगदान लगभग 30-40 प्रतिशत

मंत्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी रतलाम के सेव का उल्लेख किया है, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में उद्योगों को विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में राज्य की जीडीपी में कृषि का योगदान लगभग 30-40 प्रतिशत है, जबकि उद्योगों का योगदान करीब 20 प्रतिशत है,जिसे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर जल और लैंगिक समानता विषय पर गोष्ठी का आयोजन

# पानी का व्यापार बढ़ा, पर पानी को सहेजने की बात उतनी शिद्दत से नहीं होती: प्रोफेसर पाराशर

## मिशन के अंतर्गत 24 लाख महिलाओं को जल जांच के लिए दी गई किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्योग स्थापित हो रहे है, पानी का व्यापार बढ़ रहा है लेकिन पानी को सहेजने की बात उतनी शिद्दत से नहीं होती। महिलाओं को अगर पानी के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जाएं और उन्हें परियोजना में शामिल किया जाएं तो वे समाज में जागरूकता ला सकती हैं। यह उद्गार रविवार को विश्व जल दिवस पर रिसोर्स डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और सृष्टि जल चेतना समिति द्वारा जल और लैंगिक समानता विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद प्रो. विनोद पारासर ने कही।

प्रो. पारासर ने कहा कि 2019 से जल जीवन मिशन का काम चल रहा है और 81 फीसदी तक काम हो चुका है। मिशन के अंतर्गत 24 लाख महिलाओं को जल जांच के लिए किट दी गई है। इस मिशन को सफल बनाने में उनकी बड़ी भूमिका है। पानी की जांच के साथ वे पानी का टैक्स वसूलने में भी सरकार का सहयोग कर रही हैं। पद्मश्री से सम्मानित नारायण व्यास ने गोष्ठी को संबोतिध करते हुए कहा कि सबसे पहले पानी के बावड़ियों का संरक्षण करना होगा। ताकि हम भविष्य में पानी की संकट से आने वाली पीढ़ी को बचा सके। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. सुभाष सिंह ने किया। गोष्ठी में वीपी श्रीवास्तव, अनिल तिवारी और डॉ. डीके नंदी ने अपने विचार सांझा किए।

### महिलाएं रोजाना बचा सकती हैं अपने घरों में 10 लीटर पानी





प्रो. पाराशर संबोधित करते हुए।

प्रो. पारासर ने कहा कि राजधानी भोपाल में करीब आठ लाख परिवार निवास करते हैं। प्रत्येक घरों की महिलाएं 10 लीटर पानी बरबाद होने से बचा सकती हैं। इस तरह प्रतिदिन करीब 80 लाख लीटर पानी बरबाद होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं ने तालाबों के पुनर्जीवन और वर्षा जल संचयन जैसे कार्यों में भाग लिया। इससे जल उपलब्धता में सुधार हुआ और महिलाओं का समय बचा, जिसे वे अब शिक्षा और आजीविका गतिविधियों में लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल में करीब 100 बाउड़ी है, जिसे रिचार्ज करने की जरूरत है। इसके अलावा जहां-जहां बावड़ियों पर लोगों का कब्जा है उसे खाली करवाकर उसे पुनर्जीवित किए जाने की जरूरत है।

### मैनिट निदेशक शुक्ल बोले-जल ही आनंद है, जल ही पोषण है, जल ही शक्ति है

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में विश्व जल दिवस के अवसर पर रविवार को जल पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत 2047 एवं जल प्रबंधन विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में जल संसाधनों के समान वितरण और सतत उपयोग पर विशेषज्ञों ने गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. के.के. शुक्ल (निदेशक, मैनिट भोपाल) ने किया।



#### जल संकट की गंभीरता पर हुआ मंथन

इसके पहले उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शुक्ल ने जल के विविध आयामों पर चर्चा की तथा ऋग्वेद का उद्धरण करते हुए बताया कि जल ही आनंद, जल ही पोषण, जल ही शक्ति और जल ही सृष्टा है। विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला में एसवीएनआईटी सूरत के प्रोफेसर डॉ. एस.एम. यादव का व्याख्यान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने जल संकट की गंभीरता को वैश्विक और राष्ट्रीय आंकड़ों के माध्यम से स्पष्ट किया।

### मुख्यमंत्री ने दीं विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि जल है तो ही सुरक्षित हमारा आने वाला कल है। जल ही जीवन है, यह सूत्र हम सबको आत्मसात करना ही होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल प्रकृति की ओर से प्रदत्त अमूल्य उपहार और समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है। हमें जल की एक-एक बूंद का महत्व समझते हुए इसे बचाना है। आइए, हम सब संकल्प लें कि जल संरक्षण के प्रयासों में सदैव सहभागी बनेंगे।

## निवेश, नवाचार और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

# मप्र बनेगा स्पेसटेक नीति-2026 से अंतरिक्ष तकनीक का प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू की है। यह नीति स्पेसटेक नवाचार, विनिर्माण, अनुसंधान और तकनीक आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देकर प्रदेश को भारत की तेजी से विकसित हो रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है और भारत इस क्षेत्र में नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है।

मप्र अपनी मजबूत औद्योगिक संरचना, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, डिफेंस कॉरिडोर और उभरते टेक्नोलॉजी इको सिस्टम के कारण स्पेसटेक निवेश के लिए एक अनुकूल और आकर्षक गंतव्य बन रहा है। यह नीति प्रदेश की वैज्ञानिक और खगोलीय विरासत को भविष्य उन्मुख तकनीकी नेतृत्व में बदलने का एक दूरदर्शी प्रयास है, जो युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करेगी और प्रदेश को स्पेसटेक सेक्टर में नई पहचान दिलाएगी। कौशल विकास से तैयार होगा भविष्य का कार्यबल स्पेसटेक सेक्टर में योग्य मानव संसाधन तैयार करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके लिए 20 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। छात्रों को 6 माह तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। साथ ही कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के लिए 50 हजार रुपए तक सहायता और शोधकर्ताओं के लिए स्पेसटेक फेलोशिप का भी प्रावधान किया गया है।



### स्पेसटेक इको सिस्टम के समग्र विकास का विजन

स्पेसटेक नीति-2026 अंतरिक्ष क्षेत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी क्षेत्रों के विकास का व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करती है। इसमें सैटेलाइट और लॉन्च व्हीकल कंपोनेंट निर्माण, प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स, उन्नत सामग्री, असेंबली-इंटीग्रेशन-टेस्टिंग, मिशन संचालन, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस और एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। नीति में आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। युवाओं को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्पेसटेक क्षेत्र के लिए तैयार किया जाएगा।

### अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा नया आधार

नीति में स्पेसटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां अनुसंधान, नवाचार, प्रोटोटाइप विकास और स्टार्टअप इनक्यूबेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्मालसेट डिजिटल ट्विन लैब एण्ड स्पेस इनोवेशन सैंडबोक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उज्जैन में खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित कर प्रदेश की वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा।

### स्टार्ट-अप और उद्योगों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन

नीति में स्टार्टअप्स को 75 लाख रुपए तक आइडिया-टू-प्रोटोटाइप अनुदान, एक करोड़ रुपए तक टेक्नोलॉजी अधिग्रहण सहायता और 200 करोड़ रुपए का रणनीतिक फंड निवेश, राज्य भागीदारी कोष से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही एक पेटेंट पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, परीक्षण सुविधाओं के लिए 1 करोड़ रुपए तक सहायता और इसरो, इन-स्पेस और आईएसओ प्रमाणन के लिए 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 10 लाख रुपए) का प्रावधान किया गया है। डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव और इनक्यूबेशन सुविधाओं के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। विश्वस्तरीय अधोसंरचना का होगा विकास नीति में स्पेसटेक उद्योगों को 40 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान (अधिकतम 150 करोड़ रुपए) दिया जाएगा। महिला उद्यमियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। स्पेस सिस्टम एवं एप्लीकेशन पार्क, परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग आधारित डेटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## उच्च कुशल कार्मिकों को उनकी योग्यता के अनुसार वेतन दे- राकेश डीपी पाठक

# बिजली कंपनियों में कार्यरत आउट सोर्स कार्मिकों को शासन द्वारा निर्धारित नये न्यूनतम वेतन पर भुगतान करें

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा और सीएमडी एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश के बिजली सेक्टर की सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा घोषित निर्धारित नया न्यूनतम वेतन, अकुशल, श्रमिक को 20358/-,अर्ध कुशल को 22568/',कुशल कौ 24864/- और उच्च कुशल वर्कर्स को 26960/- न्यूनतम वेतन का भुगतान अप्रैल 2026 से ही करने हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को यथोचित आदेश देने का कष्ट करें। राकेश डीपी पाठक ने मांग की है कि इस विषय में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के वरिष्ठ जोनल सचिव श्री एन के यादव, इंदौर ने पत्र प्रेषित कर मांग की है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी ने मुख्यमंत्री जी, ऊर्जा मंत्री जी, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा , सीएमडी एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी से अनुरोध किया है कि विद्युत कंपनी में उच्च कुशल कार्मिक की योग्यता रखने वाले आउट सोर्स कर्मचारियों को सिर्फ कुशल कार्मिक का ही वेतन भुगतान हो रहा है, इससे इन कर्मचारियों में गहन असंतोष है, उनकी शैक्षणिक योग्यता और तकनीकी ज्ञान के लाभ का फ़ल उन्हें इस श्रेणी के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन के रूप में नही मिल रहा है। आपसे आग्रह है कि कृप्या इस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आउट सोर्स कर्मचारियों को उपलब्ध कराने वाली एजेंसी के टेंडर में या बिजली कंपनी स्तर पर जहां भी आवश्यक हो वहां इस विसंगति को दूर कर,नीति गत निर्णय लेकर इस शर्त को आवश्यक रूप से शामिल करा दिया जाएं कि उच्च कुशल कार्मिकों को उनकी योग्यता के अनुसार वेतन दिया जाएंगा।इस शर्त का पालन करने वाली ही आउट सोर्स एजेंसी से आउट सोर्स कर्मचारी लिए जाएं और यह भी सुनिश्चित करा दिया जाएं कि कुशल आउट सोर्स कार्मिकों को इसके अनुसार ही भुगतान प्राप्त होगा। राकेश डी पी पाठक, यू के पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, केदारनाथ अग्निहोत्री, सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अविनाश तिवारी, सुधीर मिश्रा, दीपक मेमने, विजय तिवारी, योगेश डोंगरे, मोहन श्रीवास,राजेश मिश्रा, मोहित पटेल, मनोज पाठक, योगेश पटेल, दिलीप पाठक,आर के चौबे, दयाशंकर,सतेन्द्र सुहाने, दिनेश गोस्वामी आउट सोर्स कर्मचारियों के हित में मांग करते हुए कहा कि कहा कि मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर को विश्वास है कि शासन -प्रशासन कमचारियों के प्रति अपनी सकारात्मक सोच और संवेदनशील रवैए से सभी आऊट सोर्स कार्मिकों को शासन द्वारा निर्धारित नया न्यूनतम वेतन के अनुसार भुगतान अप्रैल 2026 से प्राप्त होने लगेगा। फेडरेशन इसके लिए सभी का आभारी रहेगा।

# जीएसटी एवं इनकम टैक्स के नए नियमों पर परिचर्चा सम्पन्न

**जबलपुर।** सीए एसोसिएशन एवं टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के सहयोग से, मध्यभारत के अग्रणी टैली पार्टनर पीसी प्लेनेट एवं टैली सॉल्यूशन्स प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में "जीएसटी पर परिचर्चा" का आयोजन सोमवार, 23 मार्च 2026 को होटल कृष्णा, भंवरताल गार्डन के सामने, जबलपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर अधिवक्ता, उद्योगपति एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस विशेष परिचर्चा में Tally Prime 7.0 के नवीन फीचर्स, स्मार्ट बिज़नेस ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स तथा अकाउंटिंग एवं टैक्सेशन क्षेत्र में हो रहे आधुनिक तकनीकी नवाचारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।टैली सॉल्यूशन्स के बिजनेस मैनेजर द्वारा टैली के माध्यम से जीएसटी एवं इनकम टैक्स के नियमों का प्रभावी अनुपालन करते हुए सटीक रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने अत्यंत उपयोगी बताया।साथ ही, वरिष्ठ सीए मनोज जैन द्वारा 1 अप्रैल से लागू होने जा रहे इनकम टैक्स के नए नियमों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों को आगामी परिवर्तनों के प्रति बेहतर तैयारी करने में सहायता मिलेगी।साथ ही, बदलते परिवेश एवं नई तकनीक के अनुरूप टैली को क्लाउड के साथ किस प्रकार प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है, इस विषय पर पीसी प्लेनेट के निदेशक नितिन जैन द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में मुख्यातिथी सीए अखिलेश जैन (स्वतंत्र निदेशक, गेल इंडिया), एवं प्रमुख रूप से सीए चांदनी आहूजा (अध्यक्ष, सीए एसोसिएशन, जबलपुर), एडवोकेट शिविर नेमा (अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन, वरिष्ठ कर सलाहकार गणेश नारायण पुरोहित, सीए प्रणव अग्रवाल, सीए तरुण पारवानी, सीए कैलाश अग्रवाल, एडवोकेट प्रितपाल सिंह, पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पीसी प्लेनेट के निदेशक नितिन जैन ने बताया कि इस प्रकार की परिचर्चाएं व्यवसायों को बदलते कर नियमों के अनुरूप सक्षम, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह परिचर्चा संस्कारधानी के चार्टर्ड अकाउंटेंट, टैक्स प्रैक्टिशनर, अकाउंटेंट एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई।



## प्रदेश का 4.38 लाख करोड़ का बजट बढ़ाएगा आर्थिक विकास की गति, किसान समृद्धि पर विशेष ध्यान

### राजस्व आधिक्य का अनुमान, पूंजीगत व्यय 80 हजार करोड़ से अधिक

# 18.48 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचेगी मध्यप्रदेश की जीएसडीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मोहन सरकार के अथक प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था 2026-27 में 18.48 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। राज्य के बजट प्रावधानों को देखते हुए उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी 16.48 लाख करोड़ रुपए रही जो अब बढ़ रही है। राज्य की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए के बजट में विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार को केंद्र में रखा है।

सरकार के प्रयासों से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष के अंत में 44 करोड़ रुपए का राजस्व आधिक्य रहेगा। बजट में अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए 80 हजार 266 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राज्य के जीएसडीपी का 4.80 प्रतिशत है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों, शहरी अधोसंरचना और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी।



फाइल फोटो।

### कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय

विकास योजनाओं को गति देने के लिए कई प्रमुख विभागों के आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। ग्रामीण विकास विभाग के बजट में 37 प्रतिशत, नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 16 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत, राजस्व विभाग में 43 प्रतिशत और स्कूल शिक्षा विभाग में 11 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आगामी वर्ष में ग्रामीण आधारभूत संरचना, शहरी सुविधाओं और सामाजिक क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

### अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 17 प्रतिशत राशि

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए इस वर्ष 23 हजार 747 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वहीं सामाजिक और आर्थिक उत्थान से जुड़ी योजनाओं के लिए 1 लाख 83 हजार 708 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 26 प्रतिशत और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 17 प्रतिशत राशि निर्धारित है। बजट में नई दीर्घकालिक योजनाओं की भी घोषणा की गई है। द्वारका योजना के तहत अगले तीन वर्षों में 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। स्वामित्व योजना के लिए 3 हजार 800 करोड़ रुपए तथा यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के लिए 700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन गतिविधियों को बल मिलेगा।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी

राज्य की राजकोषीय स्थिति के अनुसार कुल राजस्व प्राप्तियां 3 लाख 8 हजार 703 करोड़ रुपए अनुमानित हैं, जबकि पूंजीगत प्राप्तियां 80 हजार 694 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना विकास, कृषि सशक्तिकरण, महिला कल्याण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को गति देने के साथ राज्य की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की रणनीति पर काम होगा। विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित करने के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### लाड़ली बहना के लिए 23 हजार 800 करोड़

महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की प्रमुख योजना लाड़ली बहना योजना के लिए इस बजट में लगभग 23 हजार 800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा वीबीजी राम जी योजना के लिए लगभग 10 हजार 400 करोड़, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लिए लगभग 5 हजार 500 करोड़ तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए लगभग 4 हजार 600 करोड़ का प्रावधान किया गया है। आगामी सिंहस्थ आयोजन की तैयारियों के लिए भी लगभग 3 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है।

### कृषि व किसानों के कल्याण के लिए प्राथमिकता

कृषि और किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88 हजार 910 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। गैर-बजटीय संसाधनों को सम्मिलित करने पर इस क्षेत्र के लिए 1 लाख 15 हजार करोड़ उपलब्ध होंगे। आय बढ़ाने और कृषि गतिविधियों को आधुनिक बनाने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।

### महाआरती के साथ निकाली गई झंडा शोभायात्रा

# मातारानी के प्यारे सजे हैं दरबार



**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। हर तरफ देवी के जयकारे गूंज रहे हैं। नौ दिनों का उपवास रखे श्रद्धालु पूजा-पाठ और उपासना में लीन हैं। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। भजन-कीर्तन और देवी के जगराता के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। मठ मंदिरों को आकर्षक विद्युत छटाओं से सजाया गया है। श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गये हैं। नौ दिनों के उपवास रखने वाले भक्त सुबह-शाम हवन पूजन और दुर्गा सप्तसती का पाठ कर रहे हैं। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। चैत्र की पंचमी पर फूटाताल से झंडा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका समापन बंगलामुखी मंदिर में हुआ। नवरात्र पर बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, छोटी देवन राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, त्रिपुर सुन्दरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी मंदिर सिद्धपीठ मढ़ाताल, माँ शारदा देवी मंदिर बरेला, काली मंदिर सदर, शीतलामाई मंदिर घमापुर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मढ़ाताल सिविक सेंटर स्थित श्री शंकराचार्य मठ में स्थापित बगला मुखी के मंदिर की यज्ञ शाला में प्रज्वलित की गई अखण्ड मनोकामना ज्योति बस देखते ही बनती है। यहां नित्य प्रति महा आरती अर्चन के अनुष्ठान हो रहे हैं। वासंतेय नवरात्र की पंचमी पर कल जहां देवी के पांचवे स्वरूप स्कन्दमाता का पूजन अर्चन कर उपासना की गई, वहीं आज षष्ठी पर देवी के छठवें स्वरूप कात्यायनी माँ का पूजन अर्चन कर उपासना की जाएगी। नवरात्र की पंचमी पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, हनुमान प्रखंड द्वारा कल शाम माँ बड़ी खेरमाई भानतलैया में विराट महाआरती की गई और इस महाआरती की शोभायात्रा माँ बूढ़ी खेरमाई सिद्धपीठ चारखम्बा तक की जाएगी। रास्ते भर कार्यकर्ता हिन्दू युवा वीर विजय मंत्र उच्चारण करते हुये चल रहे थे। यहां उल्लेखनीय है कि विगत 25 वर्षों से यह महाआरती शोभायात्रा आयोजित की जा रही है। इस दौरान क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

#### झंडा शोभायात्रा निकली

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में मानव वीरेन्द्र घनघोरिया के नेतृत्व में फूटाताल मैदान से बगलामुखी मंदिर तक विशाल झंडा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाम 4 बजे फूटाताल मैदान से प्रारंभ हुई जो खटीक मोहल्ला, सराफा, कमानिया, फुहारा, गंजीपुरा, सुपर मार्वेट, श्याम टॉकीज होते हुए बंगलामुखी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नौजवान युवक और गणमान्यजन शामिल थे। ध्वजयात्रा में भगवान श्री गणेश, महादेव और पार्वती और बगलामुखी माता की झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के समापन उपरांत बंगलामुखी मंदिर में ध्वज चढ़ाया गया। बंगलामुखी पीठ के ब्रम्हचारी चैतन्यानंद ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया, ध्वज अर्पण के बाद मंदिर के सामने भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**जबलपुर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर भगत सिंह चौक कटंगा स्थित प्रतिमा स्थल पर शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुरु के चरणों में अरदास कर शहीदों को नमन किया गया तथा पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा विचार मंच के सचिव डिम्पी बिंद्रा ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतंत्र भारत में जो जीवन जी रहे हैं, वह इन शूरवीरों के बलिदान का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान आम जनता में मिष्ठान का वितरण किया गया और भावी पीढ़ी को शहीदों के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष तजिन्दर सिंह टीटू, सचिव डिम्पी बिंद्रा, पूर्व पार्षद काके आनंद, राजेश महेश्वरी, हरजीत सिंह (मुख्य ग्रंथी, गुरु नानक दरबार गोरखपुर), रविंदर सिंह चाना, पम्मी चड्ढा, सतनाम सिंह, सतीश राजपूत, रवि ठाकुर, अशोक राजपूत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भगवा झंडा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत



**जबलपुर।** नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर भगवा झंडा शोभायात्रा का बड़े फूहरा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान पर भव्य स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा संयोजक मानव घनघोरिया के नेतृत्व में निकाली गई थी। साथ ही माझी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भी स्वागत किया गया। जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट द्वारा पूजन-अर्चन कर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई तथा सभी को मीठी लस्सी पिलाई गई। आयोजन स्थल पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर सुरेंद्र मणि, संस्कार अग्रवाल, श्याम मनोहर पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, कमलेश अग्रहरि, आशीष त्रिवेदी, अब्बू मोती कश्यप, छन्नू राम पटेल, विनोद दीवान एवं विनोद विश्वकर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पुस्तकों की मोनोपोली व मूल्य अनियमितता पर कलेक्टर को ज्ञापन

### एफआईआर के निर्देश, अभिभावकों के हित में सख्त कार्रवाई का आश्वासन




**जबलपुर।** निजी विद्यालयों में पुस्तकों की मोनोपोली एवं मूल्य अनियमितताओं के विरोध में मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी, एडवोकेट भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, एडवोकेट आशुतोष चतुर्वेदी, डॉ. अशोक मिथवानी एवं बिनिता मैडम उपस्थित रहीं। मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने बताया कि पुस्तक विक्रेताओं द्वारा की जा रही अनियमितताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जा चुके हैं और मामले की जांच जारी है। साथ ही इस प्रकरण में न्यायालय में भी सुनवाई चल रही है, जिसमें प्रशासन गंभीरता से पक्ष रख रहा है। कलेक्टर ने संकेत दिया कि भविष्य में संगठन को भी इस मामले में पक्षकार बनाया जा सकता है, ताकि अभिभावकों एवं छात्रों के हितों की प्रभावी पैरवी हो सके। संगठन ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों को राहत मिलेगी। संगठन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्रशासन को दें।

## राहुल पटेल बने सह-कोषाध्यक्ष



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी, जिला जबलपुर शहर के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर की सहमति से स्वामी विवेकानंद मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट अमर पटेल द्वारा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार राहुल पटेल को स्वामी विवेकानंद मंडल का सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त सह-कोषाध्यक्ष राहुल पटेल ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## शान कुमार सर्व ईसाई महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सर्व ईसाई महासभा द्वारा युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शान कुमार को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर समस्त ईसाई समाज में हर्ष व्याप्त है। नियुक्ति पर सामाजिक, धार्मिक एवं युवा संगठनों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### भजन संध्या में गूंजे 'जय माँ भवानी' के उद्घोष, विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का हुआ सम्मान

# दशमुद्रा श्री दरबार में माता की चौकी व "श्रीरत्न अलंकरण" समारोह संपन्न



**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान दशमुद्रा वैदिक रिसर्च फाउण्डेशन के अंतर्गत दशमुद्रा श्री दरबार में 22 मार्च को माता की चौकी, भजन संध्या एवं "दशमुद्रा श्रीरत्न अलंकरण" सम्मान समारोह भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में शहर की अनेक जानी-मानी हस्तियों, संतजनों, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भक्तों ने भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से माँ भगवती की आराधना की। पूरा परिसर 'जय माँ भवानी' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर वेदांत, ज्योतिष, कर्मकांड, गुरुकुल शिक्षा, आयुर्वेद, देवालय सेवा, गौसंवर्धन, साहित्य, कला एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को "दशमुद्रा श्रीरत्न अलंकरण" से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पं. रामाकांत मिश्रा, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, पं. बालमुकुंद शास्त्री, डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी, वैद्यराज मनीष जैन, डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज, दयोदय पशु संवर्धन केंद्र, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, डॉ. सुलेखा मिश्रा एवं पं. ओमकार दुबे प्रमुख रहे। दशमुद्रा श्री दरबार के ज्योतिषाचार्य डॉ. पंकज दुबे (सच्चिदानंद महाराज) ने बताया कि नवरात्रि के दौरान आगामी दिनों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 24 मार्च को सुंदरकांड पाठ, 25 मार्च को महिलाओं का सम्मान एवं षोडशी पूजन, 26 मार्च को कन्या पूजन तथा 27 मार्च को कलश जवारे यात्रा एवं श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की।



# 151 मीटर चुनरी खेरमाई माता को की अर्पित

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्र की चतुर्थी तिथि को 151 मीटर विशाल चुनरी यात्रा होमसाइंस कॉलेज के पास से खेरमाई माता मंदिर, मानस भवन, राइट टाउन के लिए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष सम्मिलित हुए। चुनरी यात्रा का आयोजन कविता दुबे, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, अध्यक्ष धर्म संस्कृति सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन द्वारा किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पं. धीरज पटेरिया, सुरेश पाण्डेय, आशीष शर्मा, शक्ति शुक्ला, आशीष शुक्ला, डॉक्टर सचिन बुधौलिया, आशीष दुबे, मुरारीजी, मोहित संघी, कृष्णकांति पांडे, शोभा त्रिवेदी, कीर्ति तिवारी, पुष्प चौबे, सपना तिवारी, सपना मिश्रा, सविता शर्मा एवं बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक यात्रा में शामिल हुये। बताया गया कविता दुबे द्वारा विगत 5 वर्षों से चुनरी यात्रा निकाली जा रही है, चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण माँ दुर्गा का रूप धारण किये वनिता मालवीय एवं 151 मीटर की रंग-बिरंगी चुनरी को थामे सैकड़ों की संख्या में लाल वस्त्र, साड़ी पहने महिलाओं की उपस्थिति रही।



## राइट टाउन स्टेडियम परिवार ने निकाली त्रिपुर सुंदरी पदयात्रा

**जबलपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर राइट टाउन स्टेडियम परिवार द्वारा त्रिपुर सुंदरी पदयात्रा का आयोजन महाकोशल अस्पताल से प्रातः 07 बजे किया गया। राइट टाउन परिवार एवं खेल रख-रखाव समिति के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि यह यात्रा साल में दो बार चैत्र नवरात्र एवं शारदेय नवरात्र पर आयोजित की जाती है। पिछले 20 वर्षों से आयोजित की जा रही यह 40वीं यात्रा रही, जिसका उद्देश्य संस्कारधानी के लिए सुख-समृद्धि और शांति एवं चहुंओर विकास रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, शरदचंद पालन, हेमंत अग्रवाल, विनय सक्सेना, डॉ. राजेन्द्र अग्रवाल, डॉ. सुधीर तिवारी, अवनीश मिश्रा, राज वर्मा, केकि शर्मा, संतोष तिवारी, राजेश कौरव, मोहित दुबे, पप्पू शर्मा, राजीव तिवारी, मुरली सुंदरानी, राजेश पहलवान, अमर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों भक्तजन, महिला एवं बुजुर्ग भी शामिल रहे।



# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना में "अग्निवीर भर्ती" पर हुआ सेमिनार

**सेना में अनुशासन और लगन का महत्व समझाया, आवेदन प्रक्रिया व चयन मानदंड की जानकारी दी गई**

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में 23 मार्च 2026 को "अग्निवीर भर्ती" सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मेजर राहुल दास, मेडिकल ऑफिसर उपस्थित रहे।

मेजर राहुल दास ने विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती के लिए आवश्यक योग्यता, आयु सीमा (18–21 वर्ष), ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, शारीरिक योग्यता, लिखित परीक्षा, फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट समेत चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरुष एवं महिला उम्मीदवार, जो कक्षा 10वीं, 12वीं पास, आईटीआई या 03 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कर चुके हैं, वे इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 है। सेमिनार में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, ने अग्निवीर योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारतीय सेना में युवाओं की सहभागिता बढ़ाना और देश सेवा में उनका योगदान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर जगजीवन सिंह, असिस्टेंट रिर्पोटिंग ऑफिसर सूबेदार जसवीर सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत सहित लगभग 67 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्ड गंज शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद चंदना संभाग की लॉर्ड गंज शाखा का शपथ ग्रहण समारोह 'पधारो सा' में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीमती विमला चौधरी ने श्रीमती संध्या जैन शांत को चंदना संभाग के संभागीय अध्यक्ष पद की शपथ दिलाते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। प्रांतीय अध्यक्ष माधवी शाह (ग्वालियर) ने 'दया, करुणा और अहिंसा' प्रांतीय प्रोजेक्ट की जानकारी दी। इसी भावना को आत्मसात करते हुए संध्या जैन शांत ने अपने कार्यकाल में समाज सेवा, स्वास्थ्य शिविरों एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। उन्होंने 'सशक्त समाज, उज्जवल भविष्य' के नारे को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, लॉर्ड गंज जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेश मडिया, अध्यक्ष राजेंद्र जैन, डॉ. कुसुम, श्रीमती विजयलक्ष्मी, मनी, मंजुला, साधना, निशा, मीना, पूजा, संजना, भानुप्रिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम भारत डुडेजा पिता श्याम सुन्दर डुडेजा पता म.नं.77/2 मंडला रोड, शिविर गार्डन कॉलोनी, तिलहरी, बिलहरी, जबलपुर (म.प्र.) निवेदन है कि मेरा पुराना नाम भारत कुमार डुडेजा पिता श्याम सुन्दर डुडेजा जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है मेरा नया नाम भारत डुडेजा पिता श्याम सुन्दर डुडेजा जो कि मेरे आधारकार्ड और पेनकार्ड मे दर्ज है। कृपया अब से मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जावे

नया नाम- भारत डुडेजा
**(Bharat Dudeja)**
पुराना नाम- भारत कुमार डुडेजा
**(Bharat Kumar Dudeja)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम तान्या कौर बठीजा (तान्या कौर बठीजा) पति कमलजीत सिंग बठीजा पता 1525/D नेपियर टाउन आशीष नर्सिंग होम के सामने, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, जबलपुर (म.प्र.), निवेदन है कि मेरा पुराना सरवजीत कौर सचदेव (Sarabjeet Kaur Sachdev) पिता बहादुर सिंग सचदेव है जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है यह कि विवाह के बाद मेरा नाम तान्या कौर बठीजा (Tanya Kaur Bathija) पति कमल जीत सिंग बठीजा हो गया है। जो कि मेरे आधारकार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। अब से मुझे मेरे नये नाम तान्या कौर बठीजा पति कमलजीत सिंग बठीजा के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

नया नाम- तान्या कौर बठीजा
**(Tanya Kaur Bathija)**
पुराना नाम- सरवजीत कौर सचदेव
**(Sarabjeet Kaur Sachdev)**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/271
दिनांक:- 23/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति संध्या जैन पति श्री शांत जैन (2) श्रीमति रविशा जैन पति शुभम जैन मकान नं. 785 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1853 व.फु. प्रथम तल 1775 व.फु. द्वितीय तल 1970 व.फु. तृतीय तल 238 + 154 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/271
दिनांक:- 23/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति आरती अग्रवाल पति स्व. श्री कमलेश कुमार अग्रवाल ने मकान नं. 1111/अ-2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान बैसमेंट 1360 व.फु. भूतल 1360 व.फु. प्रथम तल 1360 व.फु. द्वितीय तल 1360 व.फु. तृतीय तल 1360 व.फु. शपथ पत्र/ सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, हेमा कुंदनानी / हेमा वाधवानी सुपुत्री विजय कुंदनानी, निवासी- म.नं. 437, संजय गांधी वार्ड, झम्मन दास चौक, जिला जबलपुर (म.प्र.), उम्र 37 वर्ष, ने अपना नाम बदलकर अब हेयमा वाधवानी (Heymah Wadhwanii) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नया नाम - हेयमा वाधवानी**
**पुराना नाम - हेमा कुंदनानी**

**नाम सुधार सूचना**

मैं भोलाराम विश्वकर्मा पिता स्व. सीताराम मंगल विश्वकर्मा आयु 59 वर्ष निवासी खम्हरिया नीमखेड़ा टी एफ आर आई गौर नदी डी पी एस (स्कूल) के पास मंडला रोड जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ। मैं भारतीय रेल्वे का कर्मचारी हूँ मेरा पद एम सी एम टेक्नीशियन फिल्टर आपरेटर है तथा मेरा कर्मचारी क्रमांक. पी. एफ. नं 45206361584 है, विभाग इंजीनियरिंग एस एस ई वर्क्स जबलपुर है। मेरे रेल्वे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भोलाराम सीताराम दर्ज है। मेरे अन्य कानूनी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड नं 5000 0503 4468 पेन कार्ड नं AKEVP1224D और बैंक पास बुक में मेरा नाम भोलाराम विश्वकर्मा BHOLARAM VISHWAKARMA दर्ज है। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज नाम भोलाराम BHOLARAM और आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पास बुक में दर्ज नाम भोलाराम विश्वकर्मा है BHOLARAM VISHWAKARMA एक ही व्यक्ति के नाम है। जो मैं स्वयं हूँ।

शपथकर्ता
भोलाराम विश्वकर्मा

# साल में एक बार खुलता है मंदिर, 5 घंटे में लाखों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोरेलाल सिन्हा/गरियाबंद

खास खबर

चैत्र नवरात्र के पहले रविवार को निरई माता धाम में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। 22 मार्च को आयोजित वार्षिक जात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। दूर-दूर से पहुंचे भक्तों ने माता के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मन्नतें पूरी होने पर हजारों की संख्या में बकरे की बलि अर्पित की।

निरई माता के प्रति गहरी आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गरियाबंद के ग्राम मोहेरा पुल से मंदिर तक करीब 12 किलोमीटर लंबी दूरी तक श्रद्धालुओं की भीड़ खचाखच भरी रही।

## निरई माता जात्रा में उमड़ा जनसैलाब 12 किलोमीटर तक लगी लंबी कतार



### सिर्फ 5 घंटे के लिए खुलता है मंदिर

निरई माता धाम की सबसे खास बात यह है कि यह मंदिर साल में केवल एक दिन, चैत्र नवरात्र के दौरान ही खुलता है। इस दौरान भी श्रद्धालुओं को मात्र 5 घंटे सुबह 4 बजे से 09 बजे तक समय मिलता है। इसी सीमित समय में हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

### महिलाओं का प्रवेश वर्जित पुरुष ही करते हैं पूजा

इस मंदिर की परंपरा अन्य देवी मंदिरों से अलग है। यहां महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित है और केवल पुरुष ही मंदिर के भीतर जाकर पूजा-अर्चना करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में या गलत इरादे से मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो उसे मधुमक्खियों के हमले का सामना करना पड़ता है। इसे माता के कोप के रूप में देखा जाता है। चैत्र नवरात्र के इस पावन अवसर पर निरई माता धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ एक बार फिर इस बात का प्रमाण बनी कि आज भी आस्था और परंपरा लोगों के जीवन में गहराई से जुड़ी हुई है।



### 200 साल पुराना आस्था केंद्र, बिना मूर्ति का मंदिर

*गरियाबंद से लगभग 12 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित यह आस्था केंद्र करीब 200 वर्ष पुराना बताया जाता है। यहां न तो कोई मूर्ति है और न ही पारंपरिक मंदिर संरचना, फिर भी श्रद्धालुओं की आस्था अटूट बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, निरई माता धाम का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि यहां नवरात्र के दौरान बिना तेल के ज्योति लगातार नौ दिनों तक जलती रहती है। मान्यता है कि यह ज्योति स्वयं प्रज्ज्वलित होती है, जो देवी की उपस्थिति का संकेत मानी जाती है। इस रहस्य को आज तक कोई समझ नहीं पाया है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रगाढ़ हो जाती है।*

---

उपवन क्षेत्रपाल सहित पांच वनकर्मियों पर गिरी गाज

# हिरणों पर कुत्तों का हमला 15 की मौत, 5 कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

खास खबर

संजय वन वाटिका में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। वन अधिकारी हिरणों की मौत कुत्तों के हमले से होने की बात कह रहे हैं। मामले में सीसीएफ एवं डीएफओ ने एक उपवन क्षेत्रपाल सहित पांच वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में रामानुजगंज मार्ग पर दशकों से संजय वन वाटिका का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 1980 में सूखा राहत मद से वाटिका का निर्माण किया गया था।



### रेंजर को भेजा नोटिस

वन अधिकारियों के अनुसार मामले की प्राथमिक जांच में वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

डीएफओ ने अपने प्रतिवेदन में वाटिका में पदस्थ सभी वनकर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है डीएफओ के प्रतिवेदन पर सीसीएफ ने उपवन क्षेत्रपाल अशोक सिन्हा, वनपाल श्रीमती ममता परते, श्रीमती प्रतिमा लकड़ा एवं श्रीमती विंदु सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### चल रही जांच

*फॉरेस्ट एसडीओ के नेतृत्व में एक जांच दल गठित किया गया है जो घटना की जांच कर रहा है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।*

***अभिषेक जोगावत**, डीएफओ, सरगुजा*

---

# बारदाने की कमी से गेहूं की खरीदी प्रभावित होने की संभावना

## मध्यप्रदेश में 10 करोड़ नग बारदाने की जरूरत आंकी गई

केंद्र सरकार द्वारा 23.50 करोड़ बोरी की खरीदी की मंजूरी दी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार ने 2026 के रबी मार्केटिंग सीजन (अप्रैल-जून) में 303 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य नियत किया है, लेकिन बारदाना (खाली बोरी) की उपलब्धता जरूरत से कम होने के कारण खरीदी की प्रक्रिया आंशिक रूप से प्रभावित होने तथा खरीदी में देरी होने की आशंका बढ़ रही है।जानकारों के अनुसार इस वर्ष गेहूं की पैकिंग के लिए पंजाब में 14.30 करोड़ बोरी, मध्य प्रदेश में 10 करोड़, हरियाणा में 8.25 करोड़ राजस्थान में 2.50 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 1.40 करोड़ बोरी सहित कुल 36.45 करोड़ नग बारदाने की जरूरत आंकी गई है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा 23.50 करोड़ बोरी (नए कट्टे) की खरीदी की मंजूरी दी गई है। अगर एक बोरी में औसतन 50 किलो गेहूं की दैनिक मान लिया जाए तो इस 36.45 करोड़ बोरी में करीब 182.25 लाख टन गेहूं की पैकिंग हो सकती है।

करीब 182.25 लाख टन गेहूं की पैकिंग हो सकती है



### जूट का आयात बंद होने से बारदाने का उत्पादन प्रभावित

*बताया जा रहा है कि बांग्लादेश से जूट का आयात बंद होने से भारत में बारदाने का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए पीपी बारदाने के उपयोग का विकल्प खुला रखा था मगर खाड़ी युद्ध के कारण इसके आयात में देरी हो रही है। इसे देखते हुए बारदाने की कमी के लिए सरकार को दोषी नहीं माना जा सकता है। महज आकस्मिक घटना इसके लिए जिम्मेदार है। पीपी बारदाना के आयात में जितनी देरी होगी, गेहूं की खरीद भी उसी गति से प्रभावित हो सकती है। पीपी बारदाने के लिए कच्चे माल का आयात सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं ओमान जैसे देशों से होता है मगर अभी वहां हालात असामान्य है। उद्योग- व्यापार क्षेत्र को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि यदि सरकारी खरीद में देरी हुई तो खुली (थोक) मंडियों में गेहूं की आपूर्ति एवं उपलब्धता बढ़ सकती है और इसकी कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना भी रहेगी।*

---


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक- का.से./ 2025-26/ 1042 — दिनांक 13/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 66 अंतर्गत मौजा/ ग्राम टेमर नं.बं.250, प.ह.नं. 57/23/27 खसरा नं. 221, 196, 193, 192 कुल रकबा 2.410 हेक्टेयर में से 2.277601 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (TRIDENT HILLS) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कालोनाईजर मेसर्स एम.जी.एम. डेवलपर्स अधिकृत व्यक्ति श्री वैभव मलिक पिता श्री विनोद मलिक एवं श्री अनिल कुमार मेंदीरत्ता पिता स्व. श्री सी.एल. मेंदीरत्ता कालोनाईजर्स निवासी सी-102, शुभांकर कॉम्पलेक्स, राईट टाउन, जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है- बंधक सम्पत्ति का विवरण भूखंड क्रमांक 23, 32 से 35, 76 से 80, 91 से 94 कुल 14 भूखण्ड क्षेत्रफल 1285.83 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर


---

ट्रांसपोर्ट संगठन ने कहा

# औद्योगिक डीजल मूल्यवृद्धि से परिवहन व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के कारोबारी परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

औद्योगिक डीजल और प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की मुश्किलें बढ़ गई हैं और माल ढुलाई की लागत में उछाल आएगा। यह वृद्धि सीधे तौर पर उन थोक उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रही है जो डिपो में ईंधन भरवाते हैं, जिसमें परिवहन ऑपरेटर, कारखाने और निर्माण क्षेत्र शामिल हैं।

यद्यपि यह सराहनीय है कि वर्तमान में सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जिससे आम उपभोक्ता को तत्काल राहत मिली है, इसके लिए प्रधानमंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने जनहित को



एआई इमेज

प्राथमिकता दी है। यह बात ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट, ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कही। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के अनुसार ईंधन लागत में इस उछाल से ट्रकों और भारी वाहनों के संचालन की लागत बढ़ेगा, जिससे उनके मार्जिन पर दबाव पड़ा है। संगठन की ओर से सीएल मुकाती, विजय कालरा, हरीष डाबर ने कहाकि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले ट्रक एवं मालवाहक वाहन ही आवश्यक वस्तुओं, औद्योगिक कच्चे माल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते हैं। यदि इन वाहनों के संचालन में प्रयुक्त डीजल एवं सीएनजी की लागत में वृद्धि होती है, तो इसका सीधा एवं व्यापक प्रभाव वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है, जिसका अंतिम भार आम नागरिक को वहन करना पड़ता है। अतः प्रधानमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री सहित राज्य के मुख्यमंत्री से अपील है कि परिवहन क्षेत्र में उपयोग होने वाले डीजल एवं सीएनजी की कीमतों में वृद्धि से यथासंभव परहेज किया जाए। यदि परिस्थितिवश मूल्य वृद्धि अपरिहार्य हो।

### फिलिप्स ने पेश किया कुकिंग उपकरण वनशेफ

**मुंबई।** फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने फिलिप्स वनशेफ के लांच की घोषणा की, जो एक नया ऑल-इन-वन स्मार्ट कुकिंग उपकरण है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह रोजमर्रा की कुकिंग को आसान बनाए और भारतीय घरों के लिए विविध व्यंजनों की नई संभावनाएं खोले। आयोजित एक शेफ टेस्टिंग टेबल इवेंट में इसका अनावरण हुआ, जिसे शेफ रणवीर बरार ने क्यूरेट किया।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (रायपुर /25/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय - ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड इंदौर, म.प्र. - 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुरननि्रमाण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रव्रतन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रव्रतन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है | उधारक्रताओं को कंपनी के प्राधिकत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उललेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए नि्रदेशों का उल्लेख किया गया है उधारक्रता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारक्रताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति क अधिकार में नीचे व्रणित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा SEC प्रव्रतन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारक्रता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा | राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर/सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/JBLP/A000000851 श्री आशुतोष विश्वकर्मा, श्रीमती पुष्पा विश्वकर्मा श्री हेमन्त विश्वकर्मा, श्री अमृता विश्वकर्मा | 09/01/2026 Rs. 1997205/- | मौजा पूर्वा एन.बी 162 पी.एच. नंबर 28/32 न्यू 7 आर.एन.एम जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर और जिला जबलपुर पिन 482001 कुल क्षेत्रफल- 1500 वर्ग फुट सीमाएँ इस प्रकार हैं - पूर्व में जगदीश ठाकुर की संपत्ति, पश्चिम में मुलचंद का प्लॉट, उत्तर में सड़क, दक्षिण में जगदीश ठाकुर की संपत्ति | 20/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/CDWR/A000000255 श्री इंद्रजीत कुमेरिया श्रीमती शुभांगी कुमेरिया | 09/01/2026 Rs. 14,92,943/- | मौजा काबर पिपला बी.एन. 34 पी.एच.एन. 58, रा.न.म सौसर खसरा नंबर 251/37 म से सौसर छिंदवाड़ा म.प्र. 480106, सौसर, छिंदवाड़ा, अर्धनगरीय छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480108 कुल क्षेत्रफल - 2000 वर्ग। फीट की सीमा - पूर्व - कच्ची सड़क, पश्चिम - दिवाकर पारडे का प्लॉट, उत्तर - 10 फीट कच्ची सड़क, दक्षिण - तारा चंद जोशी का प्लॉट | 23/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/CDWR/A000000058 श्री मोहन डेहरिया श्रीमती शीला डेहरिया | 09/01/2026 Rs. 22,16,679/- | मौजा पातालेश्वर वार्ड क्रमांक 20, क्षेत्र क्रमांक 02 त्रिलोकी नगर बी.नं. 177 पी.एच.एन. 221/19, आरएनएम छिंदवाड़ा 01 म.प्र. 480001 KH.NO 1335/52, पातालेश्वर, पातालेश्वर, शहरी, तहसील और जिला। छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480001 कुल क्षेत्रफल - 1350 वर्ग फीट परिसीमा - पूर्व - जानकी बाई का प्लॉट, पश्चिम - शेष विक्रेता प्लॉट, उत्तर - मेहताब खुश्बा का प्लॉट, दक्षिण - कच्ची सड़क | 21/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000713 श्री राम कुमार केवट, श्री श्यामलाल केवट सुश्री सुनीता बाई केवट | 09/01/2026 Rs. 982474/- | ग्राम वार्ड संख्या 09, शेषवर्ड, सीरियल नंबर 347, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश 470880, कुल क्षेत्रफल - 1560 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में मनीष केवट का घर, उत्तर में छोटे भाई केवट का घर, दक्षिण में जीवन ठाकुर का घर। | 18/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/GDWR/A000000165 श्री शैलेन्द्र सिंह पटेल श्रीमती सुषमा बाई पटेल | 09/01/2026 Rs. 33,82,664/- | नज़ूल शीट संख्या 14, प्लॉट संख्या 4/1, मौजा - कंदेली मुसरान, वार्ड, नरसिंहपुर, एनबी 36, पटवारी हल्का 17, आरसी, नरसिंहपुर, तहसील और जिला, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा कुल क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सतपाल का प्लॉट, पश्चिम में सड़क, उत्तर में रघुराज सिंह का प्लॉट, दक्षिण में डबल घोड़ा बीड़ी वाले का प्लॉट। | 20/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000800 श्री विकास विश्वकर्मा श्रीमती फूल बाई विश्वकर्मा | 09/01/2026 Rs. 7,26,045/- | परिवत लेआउट के प्लॉट नंबर 107-ए का वह पूरा टुकड़ा, जो खसरा नंबर 160/2 मौजा उड़िया एस नंबर 497 पीसी नंबर 79 रेव सर्कल माधोताल तहसील आदरताल वार्ड नंबर 72 जिला जबलपुर का हिस्सा है। कुल क्षेत्रफल- 1350 वर्ग फुट सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में पड़ोसी किसान की भूमि, पश्चिम में सड़क, उत्तर में प्लॉट नंबर 107-ए का हिस्सा, दक्षिण में प्लॉट नंबर 107 | 19/03/2026 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000660 श्री सुनील कुमार द्विवेदी श्रीमती कल्पना द्विवेदी के कानूनी वारिस आलोक द्विवेदी | 08/01/2026 Rs. 38,98,355/- | खसरा क्रमांक 575/6/3, मौजा समन, वार्ड क्रमांक 15, तहसील हुजूर नगर, रीवा, मध्य प्रदेश- 486001 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 2444 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में अनिल कुमार द्विवेदी का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में कमल चतुर्वेदी का मकान, दक्षिण में सड़क। | 23/03/2026 Symbolic |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर ( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Syed Shoaib (ARM) - 8770818029, Gourav Naik - 7587748188, Divyank Shrivastava - 831 822 5992

दिनांक - 24/03/2026 — प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड


---

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

---

# ट्रंप का गोल्डन खिताब, सोने के सिक्के पर होगा चेहरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह केवल दूसरा मौका होगा जब कोई जीवित राष्ट्रपति अपने सिक्के पर अंकित चेहरा देखेगा। इस बार यह गौरवपूर्ण अवसर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए है। कारण है कि ट्रंप को अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस की याद में बनाए जाने वाले 24 कैरेट सुनहरे सिक्के पर जगह दी जाएगी। 24 कैरेट के इस सुनहरे सिक्के पर ट्रंप को रेजोल्यूट डेस्क पर हाथ बांधकर खड़ा दिखाया जाएगा। इस सुनहरे सिक्के का डिजाइन यूएस कमीशन ऑन फाइन आर्ट्स ने मंजूरी दे दी है और इसे अमेरिकी 250वीं स्वतंत्रता जयंती के विशेष संग्रह का हिस्सा बनाया जाएगा। ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए।



---

## शब्द पहेली - 6174



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6173 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | ब | ता | र | |

---

## सूडोकु नवताल - 6184

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
24 मार्च 2026



बोझ चाहे काम, खर्चों, फिजूल की बातों का हो या फिर घर में मौजूद अनावश्यक सामानों का हो, जीवन अव्यवस्थित हो जाता है। इससे बचने के लिए कई लोग अब मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल अपना रहे है। मतलब लोग अपनी प्राथमिकताएं तय करके सादगी भरा सरल जीवन जीना पसंद कर रहे हैं। जानिए, क्या है यह मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल।

# सुकून भरी जिंदगी के लिए मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल

कवर स्टोरी
एस. भाग्यम शर्मा

सरल जीवन की चाह में अब लोग मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल को अपना रहे हैं। मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल का मतलब है, कम से कम सामान, कम खर्च, कम काम, कम बोझ और आरामदायक जीवन। यह जीवनशैली हमें जिंदगी में केवल आवश्यक और महत्वपूर्ण चीजें रखना सिखाती है। जिससे जीवन अव्यवस्थित ना रहे, एक मानसिक शांति मिले। इस जीवनशैली में हम अनावश्यक भौतिक वस्तुओं से बचते हुए, अच्छे अनुभवों और रिश्तों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह जीवनशैली जीवन को सरल, तनावमुक्त बनाती है। मिनिमलिज्म का उद्देश्य केवल कम से कम भौतिक वस्तुओं से नहीं है बल्कि विचार, समय और ऊर्जा का समझदारी से प्रबंधन भी है। यह प्रबंधन व्यक्तिगत संतोष और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद करता है, हमें अपना जीवन अर्थपूर्ण लगता है।

### लोग चाहते हैं सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



फिजूल खर्ची से होने वाले नुकसान के कारण अब लोग धीरे-धीरे यह समझने लगे हैं कि अनावश्यक वस्तुओं का संग्रह करना समय और धन की बर्बादी है। आजकल लोग सस्टेनेबल लाइफस्टाइल चाहते हैं। वे महंगी और आकर्षक दिखने वाली चीजों से दूर रहने लगे हैं, सादगीपूर्ण जीवन जीने के लिए ईको फ्रेंडली वस्तुओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। अकसर यह सुनाई देता है, फलां व्यक्ति लाखों की सैलरी पैकेज और मेट्रो सिटी का विलासपूर्ण जीवन छोड़कर गांव में जाकर रह रहा है। बिना किसी खाद और कीटनाशक के ऑर्गेनिक खेती कर रहा है। यहां तक कि कुछ लोग पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के घर भी बना रहे हैं। जहां गर्मियों में एसी जैसे उपकरणों की जरूरत नहीं होती। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाना बहुत जरूरी है। जैसे कि आजकल जागरूक लोग विवाह जैसे सामाजिक समारोह में भोजन परोसने के लिए प्लास्टिक की डिस्पोजेबल प्लेट और गिलास इस्तेमाल करने के बजाय पत्तलों और मिट्टी के कुल्हड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है, मध्यवर्गीय परिवारों में अधिकतर एक के बजाय दो गाड़ियां होती हैं, लेकिन सेहत के प्रति जागरूक लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे प्रदूषण नहीं होता, साथ ही ऊर्जा के संसाधनों की भी बचत होती है।

### अपनी प्राथमिकता तय करें

समय के बदलाव के हिसाब से हमें जीना सीखना चाहिए। आज हमें अपने आपको मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल के लिए तैयार करना होगा। इसके लिए सबसे पहले हम अपनी प्राथमिकताओं को समझें और तय करें। अनावश्यक सामान और फिजूल की बातों से मुक्त हों। घर में सिर्फ वही सामान रखें, जो जरूरी और उपयोगी हों। सामान को कम करने के लिए दिमागी रूप से तैयार रहें। अपने जरूरी कामों और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, इससे हम अव्यवस्था से दूर रहेंगे।

### अपनाएं साधारण और शांत जीवनशैली

हमें साधारण और शांत जीवनशैली अपनाने की भरसक कोशिश करनी चाहिए, जिसमें कम चीजों के बावजूद हमें खुशी और संतोष मिले। हमें अपने समय को सही दिशा में निवेश करना चाहिए। हर दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच के साथ करें। घर के लिए खरीदारी करते समय सामानों की सूची बना लें, उसी के अनुसार जरूरी सामानों की खरीदारी करें ताकि फिजूल की चीजें घर ना आएं। कुछ लोग दिखावे के लिए अनावश्यक वस्तुओं का संग्रह घर में कर लेते हैं, इससे बचें। आज लोग यह समझने लगे हैं कि असली खुशी वस्तुओं और धन के संग्रह से नहीं मिलती, इसके लिए मन का सुकून बहुत जरूरी है। यदि हम जीवन में सच्ची खुशी चाहते हैं तो धन के प्रदर्शन और अनावश्यक वस्तुओं के खरीदने से बचें। ऐसा करने से हमें एक मानसिक शांति और खुशी मिलेगी, इससे हमें कुछ रचनात्मक करने का अवसर मिलेगा, जो हमें एक पहचान दे सकता है। ❀

### बदल रही है सोच और आदतें



**बीते जमाने में** महिलाओं के पास बस एक-दो महंगी साड़ी होती थी, जो त्योहारों में या शादी में पहनी जाती थी, लेकिन नए जमाने में बहुत सी महिलाएं नई-नई साड़ी या तरह-तरह की फैंसी पोशाकें पहनने लगीं। लेकिन इधर यह सोच बदली है। देखने में आ रहा है, अब बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी एक बार पहनी हुए ड्रेस को दोबारा पहन कर लोगों के सामने सादगी की मिसाल पेश कर रही हैं। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में अपनी मेहंदी का लहंगा दोबारा पहना। यह देखकर लोगों ने ना केवल प्रशंसा की, बल्कि वे भी इस अच्छी आदत को अपना रहे हैं। महानगरों में अधिकतर लोग फ्लैट्स में रहते हैं। उनके पास इतनी जगह नहीं होती कि वह ढेर सारा सामान रख सकें। ऐसे में बर्तन, वस्त्र, घरेलू उपकरण या अन्य सामान जरूरतमंदों में बांट देते हैं। इस नेक काम में कुछ लोग स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी करते हैं। आजकल लोग समय के साथ ऐसी चीज खरीदने लगे हैं, जिनकी वाकई में जरूरत होती है। यहां तक कि नई पीढ़ी अब शादी-ब्याह में ब्राइडल ड्रेस, ज्वेलरी आदि किराए पर लेने लगी है। छोटे बच्चे भी माता-पिता की सादगी भरी जीवनशैली से सीख लेकर उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

किसी हादसे या दिल पर चोट पहुंचाने वाली बात पर मन का उदास होना स्वाभाविक है, लेकिन जब छोटी-छोटी बातों से आपका मूड बिगड़ा रहे, तनाव में रहे, आप उदास दिखें तो यह सही नहीं है, इस तरह आप एंग्जाइटी का शिकार हो सकती हैं। इससे कैसे बचें, उपयोगी सलाह।

# क्या अकसर होता है आपका मूड ऑफ!

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



बहुत से लोगों का मूड अकसर बिगड़ा रहता है। जरा सा कुछ उनके मन माफिक नहीं हुआ कि मूड ऑफ! वह खामोश होकर बैठ जाएंगे, बेचैन से दिखेंगे। मूड जब देखो तब ऑफ ना रहे, सही रहे, आप खुश दिखें, इसके लिए आप क्या करें, जानें-

**प्रकृति के नजदीक जाएं:** अमेरिका से प्रकाशित होने वाले सिटीज जर्नल के अनुसार पौधों की कटाई, छंटाई और खुदाई के दौरान हमारा ध्यान आस-पास की चिंताओं और परेशानियों से हट जाता है। जब भी आपका मूड सही ना हो, मन उदास हो तो आप अपने घर के गार्डन अथवा नजदीक के पार्क में जाएं और वहां के फूलों, पत्तियों और पेड़ों को गौर से देखें, आप एक ताजगी महसूस करेंगी, बहुत जल्दी आपका मूड सही हो जाएगा।



**सुबह की चाय:** विभिन्न शोधों के अनुसार चाय स्वाभाविक मूड बस्टर फ्लेवोनॉयड्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है, इसलिए सुबह की चाय मानसिक और शारीरिक थकावट दूर करके ताजगी देने वाली होती है। यदि संभव हो तो अपने पार्टनर के साथ बालकनी या गार्डन में बैठकर प्रकृति का आनंद लेते हुए साथ-साथ चाय पिएं, इस दौरान आप चाय पीते-पीते अपने मन की बात अपने पार्टनर से कहकर मन हल्का कर सकती हैं।

**मनचाहा काम करें:** लिखना, पढ़ना, संगीत सुनना, पेंटिंग या गायन आदि कार्य जिन्हें करने से आपके मन को सुकून मिलता हो, उन्हें करने का प्रयास करें। यदि आप मूवी की शौकीन हैं तो मूवी देखें, हो सकता है शुरुआत में आपका कुछ भी करने का मन न हो, फिर भी आप स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करें। कुछ समय पश्चात आपका मूड एकदम सही हो जाएगा।

**घर को व्यवस्थित करें:** शोध बताते हैं कि अगर घर या कमरे में सब कुछ अस्त-व्यस्त है तो मूड उखड़ जाता है, हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, इसलिए जब भी आपको अपना मूड बिगड़ा दिखे तो आप अपने घर, कमरे या कवर्ड को व्यवस्थित करें, बेड की चादर बदलें, घर के फर्नीचर की जगह बदलें, फ्लॉवर बेस में ताजे फूल लगाएं, किचेन की चीजों को व्यवस्थित करें। इससे घर में आपको नवीनता लगेगी, आप काफी हद तक बेहतर फील करेंगी।

**हाइड्रेट रहें:** रिसर्च के अनुसार शरीर में पानी की कमी से कब्ज और लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है, जिसका सीधा असर मूड पर भी पड़ता है, इसलिए दिन में कम से कम 10 ग्लास पानी अवश्य पिएं। इससे आप स्वयं को तरोताजा महसूस करेंगी। यदि खाली पानी नहीं पी पाती हैं तो इसमें नीबू का रस, मिंट लीव्स डालकर एक जग या बोतल में रखें और इस फ्लेवर्ड पानी को छानकर पिएं। गर्मी के मौसम में आप शरीर को शर्बत, जूस, शेक्स पीकर और तरबूज, खरबूज जैसे फलों का सेवन करके भी हाइड्रेट रख सकती हैं। इससे आपका मूड सही रहेगा।

**योगा और एक्सरसाइज करें:** योगा, वॉकिंग और एक्सरसाइज करने से हमारा शरीर एकदम फिट और फाइन रहता है। जब भी आपका मन कुछ अपसेट हो तो आप वॉकिंग करने चली जाएं या फिर घर पर ही योगा करें, इससे आपके अंदर डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और मन की उदासी काफी हद तक दूर हो जाएगी।

**हमेशा सकारात्मक रहें:** मनोवैज्ञानिक कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'जब मूड सही ना हो तो आप अपने जीवन की अच्छाइयों, अच्छी घटनाओं और अपने से जुड़े अच्छे लोगों के बारे में सोचें, इससे आपके मन के नकारात्मक विचार गायब होंगे।' शोध बताते हैं कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों परंतु सकारात्मक विचारों से उन पर सुगमता से विजय पाई जा सकती है। ❀



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बहुत फायदेमंद है मेनीक्योर-पेडीक्योर



मेनीक्योर और पेडीक्योर केवल नाखूनों की सफाई ही नहीं है बल्कि यह सेल्फ केयर की एक जरूरी कड़ी है, जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है, सुंदरता में निखार आता है, रक्त संचार बढ़ता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इनके फायदों के बारे में यहां बता रहे हैं।

**बेहतर ब्लड सर्कुलेशन:** जब आप मेनीक्योर और पेडीक्योर करवाती हैं तो शरीर में बेहतर रक्त संचार होता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। इससे आपकी स्किन टाइट होती है जिससे चेहरे और हाथों-पैरों की झुर्रियां कम दिखती हैं और आप जवां दिखती हैं। शरीर में बेहतर रक्त संचार दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक होता है।

**संक्रमण की रोकथाम:** आपके हाथ-पांव दिन में बार-बार जमीनी सतह के संपर्क में आने से गंदगी, धूल, मिट्टी आदि से खराब हो जाते हैं, जिसकी वजह से आपके नाखून गंदे हो जाते हैं और आपकी त्वचा अकसर खराब हो जाती है। नियमित मेनीक्योर और पेडीक्योर नाखूनों को साफ और सुव्यवस्थित रखने में मदद करते हैं, जिससे नाखूनों में फंगल और जीवाणु संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। नाखूनों के इर्द-गिर्द मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने से और क्यूटिकल की उचित केयर से फंगल और अन्य प्रकार के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। पैरों के नाखूनों को साफ रखने, छोटा रखने और नियमित रूप से काटने से आपके नाखून अंदर की तरफ बढ़ते हैं जिससे हर तरह के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है और हाथों को भी यही फायदा मिलता है। हमारे नाखूनों में नियमित रूप से गंदगी जमा होती रहती है या कुछ न कुछ फंसा रहता है और उन्हें साफ और पॉलिश रखने से काफी फायदे होते हैं। मेनीक्योर और पेडीक्योर में पोषक क्रीम और तेलों का प्रयोग किया जाता है जोकि मॉयश्चराइज करते हैं, जिससे नाखून टूटते नहीं हैं और इनमें धब्बे भी नहीं पड़ते हैं।



**तनाव होता है कम:** मेनीक्योर और पेडीक्योर में मसाज के दौरान मांसपेशियां रिलेक्स होती हैं, जिससे तनाव कम होता है। मसाज के प्रेशर और मूवमेंट से तनाव रिलीज हो जाता है और इससे सेहत और तंदुरुस्ती को प्रमोट करने में मदद मिलती है। मसाज आपके हाथों और पैरों की नसों को शांत करती है, जिससे तनाव को संतुलित किया जा सकता है।

**नाखून-त्वचा के लिए यूजफुल:** मेनीक्योर और पेडीक्योर नाखूनों को गहराई से साफ करते हैं। इस तकनीक से सारी गंदगी साफ हो जाती है। क्यूटिकल को ट्रिम करने से हैंगनेल (नाखूनों के आसपास की त्वचा) में होने वाली पीड़ा को रोका जा सकता है और नाखूनों को मजबूत और स्वास्थ्यवर्धक तरीके से बढ़ने में मदद मिलती है। ❀

डाइट सजेशन
संध्या पांडेय
चीफ डाइटीशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डिलीवरी के बाद केवल शिशु ही नहीं मां को भी अपनी हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार मां को अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव लाने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डिलीवरी के बाद कैसी हो मां की डाइट-लाइफस्टाइल





जब कोई महिला मां बनती है तो नवजात शिशु की देखभाल के साथ अपनी सेहत के प्रति भी उसकी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। डिलीवरी के बाद की इस अवस्था को लैक्टेशन पीरियड कहा जाता है। जन्म के बाद शुरुआती छह महीने तक शिशु पूरी तरह मां के दूध पर निर्भर रहता है। ऐसे में उसे पर्याप्त पोषण की जरूरत होती है। यह तभी संभव होगा, जब मां हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल अपनाएं।

**शरीर को चाहिए पर्याप्त पोषण:** डिलीवरी के बाद अकसर महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है, उनके शरीर में हार्मोन संबंधी बदलाव भी आते हैं। ऐसे में रिकवरी के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में पोषण की जरूरत होती है। इस दौरान पौष्टिक और संतुलित आहार खाने से उनकी सेहत में तेजी से सुधार होता है। नवजात शिशु को फीड कराने वाली मांओं को रोजाना लगभग 300-400 अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है, जिसकी आपूर्ति के लिए उन्हें अपनी डाइट में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम और विटामिंस से युक्त फूड्स को शामिल करना चाहिए। उनकी डाइट में रोजाना कैल्शियम की मात्रा 1000 से 1300 मिलीग्राम के बीच होनी चाहिए। इसके लिए अपनी डेली डाइट में दूध, दही, पनीर और हरी सब्जियां शामिल करें।

**प्रोटीन भी है जरूरी:** डिलीवरी के बाद अपनी सेहत की रिकवरी और नवजात शिशु के पोषण के लिए महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की भी जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें हर तरह की दालों, सोयाबीन और स्प्राउट्स का सेवन करना चाहिए। मिल्क प्रोडक्ट्स से भी उनके शरीर को प्रोटीन का पोषण मिल जाता है। ड्राय फ्रूट्स और कई तरह के सीड्स का सेवन भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**बढ़ाएं लिक्विड की मात्रा :** नवजात शिशु को फीड कराने वाली महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। उन्हें रोजाना कम से कम एक लीटर दूध और आठ से दस ग्लास तक पानी पीना चाहिए। संतरा, अनार, मौसंबी और अंगूर जैसे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। लेकिन जूस निकालकर पीने के बजाय सीधे इन फलों का सेवन अधिक फायदेमंद होता है।

**हर्ब्स-मसाले भी हैं फायदेमंद :** फल, दूध, सब्जियों के अलावा डिलीवरी के बाद महिलाओं को कुछ और चीजों को शामिल करना फायदेमंद होता है। मसलन, गुड़, जीरा, गोंद, हल्दी, सोंठ, मेथी से बने लड्डू और अजवाइन का पानी आदि। ये चीजें इंफेक्शन से बचाव में मददगार होने के साथ शरीर के इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाती हैं। अजवाइन का पानी पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ पेट में बनने वाली गैस को भी दूर करता है।

**अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली:** शिशु की देखभाल की वजह से अकसर मां की नींद बाधित होती है, जिसकी वजह से उन्हें कई तरह की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसी समस्याओं से बचाव का बेहतर तरीका यही है कि दिन के वक्त जब बच्चा सो रहा होता है तो उसी दौरान आप भी अपनी अधूरी नींद पूरी कर लें। शरीर को फिट रखने के लिए रोजाना वॉक करें। घी-तेल और मिर्च-मसाले के अत्यधिक सेवन से बचें। अगर इन बातों का ध्यान रखेंगी तो अपने शिशु के साथ आप भी पूरी तरह स्वस्थ रहेंगी। ❀

प्रस्तुतिः विनीता



फाइनल में आर्सेनल को दी शिकस्त

# मैनचेस्टर सिटी बना ईएफएल कप चैंपियन

## निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

*मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।*




### यह बहुत गर्व का पल : कप्तान बर्नार्डो सिल्वा

*पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।*

### मैनचेस्टर सिटी लेगी इंटरनेशनल ब्रेक

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

### पेप गार्डियोला बने सबसे सफल मैनेजर

पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं।

## एमएलएस : इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया




**न्यूयॉर्क।** इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3-2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी के किए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया। इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया के किए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली।

### मेसी ने दागा गोल, स्कोर किया 2-2 से बराबर

इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2-2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया। इंटर मियामी ने 74वें मिनट में अपनी बढ़त वापस पा ली, जब बॉक्स के दाएं छोर से माइकल ने एक जोरदार हेडर से एलन के पिच के बाईं तरफ से मिले सटीक क्रॉस का फायदा उठाया। यह गोल माइकल का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर पहला गोल रहा, जबकि इस लीग कैंपेन में एलन का यह दूसरा असिस्ट था।



# अरुंधती ने रचा नया कीर्तिमान

## बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। भारतीय सीमर के करियर में ऐसा पहली बार है, जब उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में निभाई गई उनकी शानदार भूमिका के लिए मिला है। अरुंधति रेड्डी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 10.87 की औसत और 7.25 की इकॉनमी रेट से कुल 8 विकेट हासिल किए। भारत की इस बड़ी जीत में उनका योगदान बहुत अहम रहा। अरुंधति के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह साल 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी20 सीरीज जीत थी।

- टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज

दाएं हाथ की सीमर ने सिडनी में खेले गए अपने पहले ही मैच से सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। 28 वर्षीय गेंदबाज ने शेष दो मुकाबलों में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कैनबरा में खेले गए मैच में उन्होंने 30 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मुकाबले में उन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट निकाले।

### मेंस कैटेगरी में फरहान को मिला अवॉर्ड

वहीं मेंस कैटेगरी में ये अवॉर्ड साहिबजादा फरहान ने जीता है। फरहान टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्विक को पीछे छोड़कर इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। फरहान ने भले ही इस वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन किया हो लेकिन उनकी टीम इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी।

### ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं : अरुंधती

*अवॉर्ड जीतने के बाद रेड्डी ने कहा कि आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है, और यह बात और भी खास है कि मैं ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीतने में अपनी टीम के लिए कुछ योगदान दे पाई। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी भी आसान नहीं होता, और इसी वजह से यह अवॉर्ड मेरे लिए और भी ज़्यादा मायने रखता है। इस सीरीज में मिली जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। हम आगामी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।*

## खबर संक्षेप



### अप्रैल में नहीं होगी एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप

**कराची।** इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। अधिकारी ने बताया,' एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है।'

### विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार भारत : संजोग

**नई दिल्ली।** हाल ही में टी20 विश्व कप में एसोसिएट देशों के निडर प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने उनके विकास को क्रिकेट के परिपक्व वैश्विक खेल बनने का संकेत बताया और कहा कि भारत मुख्य बाजार है लेकिन क्रिकेट निश्चित तौर पर वैश्विक होता जा रहा है। भारत ने 20 टीमों की भागीदारी वाला टी20 विश्व कप जीता लेकिन पहली बार टूर्नामेंट खेल रही इटली, अमेरिका, नेपाल और जिम्बाब्वे जैसी टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार है।



### विदेशी खिलाड़ियों के कारण पीएसएल की मुश्किलें बढ़ी

**कराची।** विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं। दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल गुरुवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा। पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है।

# मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर, कोरडा से हारकर नंबर-1 खिलाड़ी अल्कारेज बाहर

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज मियामी ओपन के तीसरे दौर में सेबेस्टियन कोरडा से हारकर बाहर हो गए हैं।

इससे पहले इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्कारेज को दानिल मेदवेदेव ने हराया था। उन्हें कोरडा ने 2 घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया।

अब कोरडा का सामना मार्टिन एल से होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रीली ओपेलका को 6-3, 6-4 से हराया जबकि 22वीं रैंकिंग वाले पॉल ने रफाएल कोलिंगनोन को 6-2, 3-6, 7-6 से मात दी।



### सबालेंका ने मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने कैथरीन मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया। दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने मार्ता कोस्तयुक को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला ने लैला फर्नांडिस को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

## हॉकी इंडिया अवॉर्ड की रेस तेज, चार नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी (अंडर 21) का जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जाएगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है।

### एशिया कप जीतने वाली टीम होगी सम्मानित

इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिए अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जाएगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर /अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

आईपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स को स्टार्क के एनओसी मिलने का इंतजार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा।

स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, ' हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे।'

उन्होंने एनओसी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर कहा, ' हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी गेंदबाजी की थी। जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।'

### रॉयल्स में कुरेन की जगह शनाका शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपए में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं।' इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि 'सत्र की शुरुआत से ठीक पहले सैम जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का चोट के कारण उपलब्ध न होना हमारे लिए निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, 'सैम बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए बहुत मूल्यवान खिलाड़ी हैं।



क्रिकेट

# गुजरात टाइटंस टीम से जुड़े राशिद खान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के लिए राशिद खान गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। राशिद से इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं गुजरा था।

वह 15 मुकाबलों में सिर्फ 9 ही विकेट निकाल सके थे। गुजरात टाइटंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर राशिद खान के स्वागत में खास पोस्ट शेयर किया। राशिद की तस्वीर के साथ गुजरात ने कैप्शन में लिखा, खुशी का माहौल है, क्योंकि गुजरात की शान घर आ गए हैं। घर में आपका स्वागत है, राशिद खान। राशिद आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए संघर्ष करते नजर आए थे। राशिद ने 9.35 की इकोनॉमी से रन खर्च किए थे।

हालांकि, हाल ही में खत्म हुए टी20 विश्व कप 2026 में राशिद का प्रदर्शन दमदार रहा था। राशिद ने अफगानिस्तान की ओर से खेले 4 मुकाबलों में 6 विकेट निकाले थे और वह काफी किफायती भी साबित हुए थे। राशिद ने सिर्फ 6.68 की इकोनॉमी से रन दिए थे। गुजरात की टीम आईपीएल 2026 में राशिद से इसी फॉर्म को टूर्नामेंट में बरकरार रखने की उम्मीद करेगी।

### टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यावसायिक दृष्टि से बुरा

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टेस्ट पिच की तैयारी पर अधिक नियंत्रण रखने की बात को खारिज करते हुए कहा कि साल की शुरुआत में एशेज श्रृंखला के दौरान आलोचना के बावजूद स्थानीय क्यूरेटर ही अच्छी और अनूठी पिचें तैयार करने के लिए सबसे सही लोग हैं। पर्थ और एमसीजी टेस्ट दो दिन के भीतर खत्म होने के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 15 मिलियन डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था, जिससे वहां की पिचों को लेकर भी काफी आलोचना हुई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीन ने स्वीकार किया कि टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यवसायिक दृष्टि से बुरा है। सीए के संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा,' यह अकल्पनीय है कि हम अभी जितना नियंत्रित करते हैं, उससे अधिक कर पाएंगे।' उन्होंने कहा,' इंग्लैंड में आप एक केंद्रीय क्यूरेटर को रख सकते हैं या न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका में क्योंकि विकेट, मिट्टी और मौसम एक जैसे हैं।

# एशिया कप में युवा जोश के साथ कदम रखेगी तीरंदाजी टीम

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत तीरंदाजी के नए अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा, जिसके लिए टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे।



### नहीं भाग ले रहा द.कोरिया भारत का पलड़ा भारी

दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है । उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरुष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं,जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सुरक्षा कारणों से ले लिया नाम वापिस

# कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में बदलाव, हम्पी की जगह मुजिचुक की एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को साइप्रस में होने वाले आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कोनेरु हम्पी की जगह शामिल किया गया है चूंकि भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया था।

शनिवार से पाफोस में शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से विश्व चैंपियनशिप खिताब के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय ओपन वर्ग में गुकेश और महिला वर्ग में जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं। दो बार महिला विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने आयोजकों से आश्वासन मिलने के बावजूद निजी सुरक्षा को लेकर चिंता का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। इस महीने की शुरुआत में साइप्रस में एक ब्रिटिश एयर बेस पर ड्रोन हमला हुआ था, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



### दो बार रह चुकी महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियन

फिडे ने कहा,' टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार हम्पी की जगह महिला इवेंट्स सीरिज 2024-25 में अगला सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाली खिलाड़ी को दी गई है, जिसने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक यह टूर्नामेंट खेलेंगी।' वह महिला विश्व रैपिड चैंपियन (2016) और दो बार महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियन (2014 और 2016) रह चुकी हैं।

### दुखद लेकिन जरूरी फैसला

इससे पहले हम्पी ने एक्स पर जारी बयान में कहा,'काफी सोच विचारकर मैंने फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से बाहर रहने का कठिन फैसला किया है।' उन्होंने कहा,' कोई भी टूर्नामेंट, कितना भी बड़ा क्यों नहीं हो, निजी सुरक्षा से बढ़कर नहीं हो सकता। तमाम आश्वासनों के बावजूद मुझे मौजूदा हालात में वहां जाना सुरक्षित नहीं लगता। यह दुखद है लेकिन जरूरी फैसला है।'

### हम्पी पर लग सकता है जुर्माना

हम्पी पर इस फैसले के लिये 10000 यूरो जुर्माना लग सकता है हालांकि फिडे ने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है। हम्पी के नाम वापिस लेने से भारत की उम्मीदों को झटका लगा है। उनके अलावा आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग), आर वैशाली ( महिला वर्ग) और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने इसके लिए क्वालीफाई किया है।




## डायल 112 ठेके में नहीं मिली कोई तथ्यात्मक गड़बड़ी

# 972 करोड़ के ठेके को चुनौती देने वाली याचिका ख़ारिज

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने मप्र में दस साल तक अत्यावश्यक सेवा डायल 112 का संचालन करने वाली कंपनी की उस याचिका को ख़ारिज कर दिया, जिसमें मप्र पुलिस टेलीकम्युनिकेशन हेडक्वार्टर द्वारा सिकंदराबाद की कंपनी को दिए गए 972 करोड़ रूपए के नए ठेके को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली संयुक्तपीठ ने सोमवार को मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि इस ठेके में कोई तथ्यात्मक गड़बड़ी नहीं है, इसलिए मामले में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।



बीवीजी इंडिया लिमिटेड पुणे की ओर से दायर याचिका में तेलंगाना की कंपनी ईएमआरआई ग्रीन को 5 साल के लिए दिए गए ठेके को चुनौती दी गई थी। आवेदक का कहना था कि मप्र में उसने डायल 112 की सेवाओं का संचालन 10 वर्षों तक किया है। डायल 112 के सिस्टम इंटीग्रेटर फेस-2 के चयन को लेकर नया टेण्डर 12 मार्च 2025 को जारी किया गया। इस प्रक्रिया में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस सिकंदराबाद (तेलंगाना) को सफल मानकर टेण्डर जारी दिया गया। याचिकाकर्ता कंपनी का आरोप था कि सिकंदराबाद की कंपनी ने टेण्डर में फर्जी दस्तावेज लगाए हैं, इसलिए उसको अयोग्य घोषित होना चाहिए। इस याचिका में याचिकाकर्ता कंपनी का दावा था कि वह देश की कई अहम इमारतों, जैसे भारतीय संसद, राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री कार्यालय, लखनऊ हाईकोर्ट, राममंदिर में अपनी एकीकृत सेवाएं देती है। इसी तरह महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर में वह एम्बुलेंस सेवाएं देती है। इसी तरह पिछले एक दशक से उसने मप्र में डायल 112 की सेवाएं दो करोड़ लोगों को दी हैं। मामले पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि सिकंदराबाद की कंपनी के पक्ष में टेण्डर का निष्पादन हो चुका है। सभी पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिए था, जो सोमवार को सुनाया गया।

गौरतलब हो कि डायल 112 से विदेश में इमरजेंसी सेवाओं के लिए एक एकीकृत नंबर है। इस नंबर को डायल करते ही पुलिस, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं की सहायता तत्काल प्रदान की जाती है।

## 2 कंपनियों की याचिकाएं खारिज

# रेत खदान के टेंडर रद्द करने पर हाईकोर्ट की मुहर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा तथा न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने एक मामले में कटनी और शहडोल जिलों की रेत खदानों के टेंडर निरस्त करने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए अपने आदेश में कहा कि सरकारी राजस्व को नुकसान से बचाने के लिए लिया गया निर्णय न्यायोचित है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। कि इस मत के साथ न्यायालय ने इस मामले में दो कंपनियों की ओर से दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया।

यह मामला रेत खदानों के टेंडर प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें मुंबई की सहकार ग्लोबल लिमिटेड और होशंगाबाद की धनलक्ष्मी मर्चेंडाइज ने शहडोल और कटनी जिलों की रेत खदानों के ठेके पहले उच्च बोली (हाई बिड) लगाकर हासिल किए थे। लेकिन बाद में दोनों कंपनियों ने अपने ठेके सरेंडर कर दिए। इसके बाद सरकार ने नए टेंडर जारी किए, जिसमें इन्हीं कंपनियों ने पहले से कम बोली लगाई। राज्य सरकार को इस पूरे घटनाक्रम में गड़बड़ी नजर आई। सरकार का तर्क था कि पहले ऊंची बोली लगाना और फिर ठेका छोड़ना। फिर कम बोली लगाकर दोबारा टेंडर हासिल करने की कोशिश करना, यह एक तरह का टेंडर में हेरफेर है।

प्रकरण में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली तथा स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता निलेश यादव ने पक्ष रखते हुए न्यायालय को अपवगत कराया कि एक मामले में लगभग 10 करोड़ रुपए और दूसरे में 20 करोड़ रुपए से अधिक के भारी राजस्व नुकसान की संभावना थी इसलिए स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन के बोर्ड ने 19 नवंबर 2025 को टेंडर प्रक्रिया रद्द करने का निर्णय लिया। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय की संयुक्तपीठ ने अपने फैसले में कहा कि कंपनियों द्वारा कम बोली लगाकर खेल करने की कोशिश की गई। इससे सरकार को बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता था। ऐसे में सरकार का टेंडर रद्द करने का निर्णय सही और वैध है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि "सरकार के इस फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है"।

हालांकि अपने आदेश में संयुक्तपीठ ने कंपनियों को एक सीमित राहत भी दी वे भविष्य में निकलने वाले नए टेंडर में भाग ले सकती हैं और यह फैसला उनके लिए बाधा नहीं बनेगा।

### हाईकोर्ट ने रिसर्च स्कालर की याचिका पर मांगा जवाब

# महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि की नियुक्ति को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रारंभिक नियुक्ति को चुनौती के मामले में राज्य शासन सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने सभी अनावेदकों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ता रिसर्च स्कालर सुभाष चंद्र यादव की ओर से दलील दी गई कि डा. रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रोफेसर (जंतु विज्ञान), महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रारंभिक नियुक्ति चुनौती के योग्य है। क्योंकि उक्त नियुक्ति विधिवत विज्ञापन के बिना की गई थी, जो स्थापित चयन प्रक्रिया व नियमों के विपरीत है। इसके अतिरिक्त संबंधित प्रोफेसर को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के पोर्टल पर असंगत रूप से कभी फूड इंजीनियरिंग तो कभी सिविल इंजीनियरिंग के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया, जबकि उनकी मूल विषयवस्तु जंतु विज्ञान है। यह तथ्यों के विपरीत भ्रामक प्रस्तुतिकरण है। विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेषकर कुलपति स्तर पर, पूर्व में भी कई मामलों में न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की गई है, जिनके संबंध में न्यायालय में वाद लंबित हैं। इस संदर्भ को भी वर्तमान याचिका में महत्वपूर्ण आधार के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

# सोम डिस्टिलरीज का लायसेंस निरस्त करने के मामले में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** सोम डिस्टिलरीज का लायसेंस निरस्त करने के मामले में सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया।
उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जस्टिस विशाल मिश्रा और जस्टिस संदीप एन भट्ट की बेंचों ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विगत 20 मार्च को भी मामले पर सुनवाई हुई थी। दरअसल, मध्य प्रदेश शासन ने 4 फरवरी को शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज के 2 लाइसेंस निरस्त कर दिए थे। जिसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे।
रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता व कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय, देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट की खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है। याचिकाकर्ता कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा। उन्होंने सरकार की कार्रवाई को पूरी तरह अनुचित बताया।

### फ्लाईओवर में खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

# पति कर रहा था स्टंट, पत्नी बना रही थी रील

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में प्रदेश के सबसे लंबे बने एलिवेटेड फ्लाईओवर पर आए दिन यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसी क्रम में सामने आए ताजा मामले में एक युवक फ्लाईओवर की ऊंची बाउंड्रीवॉल पर खड़े होकर खतरनाक स्टंट कर रहा है और उसकी पत्नी मोबाइल कैमरे में इसे रिकॉर्ड कर रही है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर हाल ही में सामने आया जिसमें युवक फ्लाईओवर पर बिना किसी सहारे के रेलिंग के अंतिम छोर पर खड़ा नजर आ रहा है। ऊंचाई से गिरने के गंभीर खतरे के बावजूद रील बनाने के चक्कर में इस दंपति ने अपनी जान जोखिम में डाल दी।



इस वीडियो के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस और संबंधित थाना क्षेत्र की टीम ने फुटेज के आधार पर स्टंटबाज युवक की पहचान शुरू कर दी है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक पूर्व में भी इस फ्लाईओवर पर स्टंट करने वाले कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उनके वाहनों के चालान काटे गए हैं। प्रशासन द्वारा बार-बार दी जा रही समझाइश और चेतावनी के बाद भी स्थानीय नागरिक रील बनाने के लिए खतरनाक कदम उठाने से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस अब इस मामले में कड़ी वैधानिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## सूने घर से 5 लाख के जेवर चोरी

जबलपुर। तिलवारा थानान्तर्गत अरनव विहार कालोनी तिलवारा में कल दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर में रखे 4-5 लाख के सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। घटना के समय मकान मालिक कहीं बाहर गया था अचानक सुबह लगभग 4 बजे उसके मोबाईल पर घर में हुई चोरी का मैसेज अलर्ट आने पर उसे घटना की जानकारी मिली। तिलवारा पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि आनंद कुंज गढ़ा निवासी सौरभ कुमार मिश्रा का छोटा भाई राहुल मिश्रा अरनव विहार कालोनी तिलवारा में प्लाट नंबर-40 में रहता है गत 20 मार्च को दोपहर लगभग दो बजे राहुल घर में ताला लगाकर ऑफिस के काम से परिवार के साथ सिंगरौली गया था जहां सुबह लगभग 4 बजे राहुल ने अपने बड़े भाई सौरभ मिश्रा को फोन कर बताया कि उसके मोबाईल फोन पर घर में हुई चोरी का मैसेज अलर्ट आया है। मोबाईल में घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में सुबह लगभग 4 बजे कुछ लोग घर के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर सौरभ मिश्रा अपने छोटे भाई के घर पहुंचा तो देखा कि घर के मेनगेट का लॉक टूटा था उसने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था वहीं अलमारी में रखा सामान बाहर पड़ा था अलमारी के अंदर राहुल एवं उसके पत्नी के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। चोरी गये जेवरों की कीमत 4 से 5 लाख रूपए बतायी गई है।

# गुंडे बदमाशों की धरपकड़, 44 वाहन चालकों से 20 हजार रुपए जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** आदतन अपराधियों और यातायात के नियमों को उल्लघंन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। पिछले 24 घंटों में 44 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 हजार 900 रुपये समन शुल्क वसूला गया। पुलिस कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के भीतर आदतन अपराध करने वाले 22 आरोपियों के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं विवाद की आशंका को देखते हुए 182 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 126/135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई। 11 व्यक्तियों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 2 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया तथा 32 जमानती वारंट तामील किए गए। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 32 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 96 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब और 25 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। आर्म्स एक्ट के तहत 3 व्यक्तियों के कब्जे से 3 चाकू जब्त किए गए। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 44 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 हजार 900 रुपये समन शुल्क वसूला गया।

### पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की सतत मॉनिटरिंग और प्रयासों का असर

## डिजिटल पुलिसिंग में जबलपुर अव्वल...

# ई-एफआईआर में प्रदेश में प्रथम ई-विवेचना में तीसरा स्थान

हरिभूमि, जबलपुर।

तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में जबलपुर पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) के तहत ई-एफआईआर दर्ज करने में जबलपुर जिले ने पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि ई-विवेचना में जिला तृतीय स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि के पीछे पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और प्रभावी कार्यशैली को प्रमुख कारण माना जा रहा है।




### नियमित बैठकों से सुधार की मजबूत नींव

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने सीसीटीएनएस कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समय-समय पर पुलिस कंट्रोल रूम में राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और विवेचकों की बैठकें लीं। इन बैठकों में ई-एफआईआर, ई-विवेचना, ई-साक्ष्य, ई-चालान और ई-समंस जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही, कार्य में आ रही तकनीकी दिक्कतों और शंकाओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया गया।

### तकनीकी प्रशिक्षण से बढ़ी कार्यक्षमता

जबलपुर पुलिस ने केवल समीक्षा तक सीमित न रहकर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया। समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित कर विवेचकों को पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त टैबलेट के माध्यम से ई-विवेचना, केस डायरी लेखन, नक्शा मौका तैयार करने और डिजिटल साक्ष्य अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे पुलिस कर्मियों की तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### सीसीटीएनएस से पारदर्शिता और तेजी

सीसीटीएनएस परियोजना राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना का अहम हिस्सा है, जिसके माध्यम से अपराध और अपराधियों की रियल-टाइम ट्रैकिंग संभव हो सकी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि विवेचना प्रक्रिया में तेजी और सटीकता भी आई है।

### सतत प्रयासों से मिली बड़ी सफलता



कप्तान संपत की सतत मॉनिटरिंग, फील्ड स्तर पर फॉलोअप और तकनीक के प्रभावी उपयोग के निर्देशों का ही परिणाम है कि जबलपुर पुलिस ने प्रदेश स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जबलपुर। बरगी थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे समद पिपरिया ग्राम के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से एक युवक को ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया था जहॉ ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पर मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। बरगी पुलिस ने बताया कि ग्राम खिरहनी तना बरगी निवासी श्रीमती राजकुमारी बर्मन का भाई मिथुन बर्मन गांव के दिनेश बर्मन के साथ मोटर साइकिल से बिलहरी के लिए काम करने निकला था दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे उसे सूचना मिली कि ग्राम समद पिपरिया के पास उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। रिश्तेदारों की मदद से घटना में गंभीर रूप से घायल मिथुन बर्मन को ईलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया जहॉ ईलाज के दौरान मिथुन की मौत हो गई।

### कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना, उपयंत्री को नोटिस

# सड़क 'री-स्टोरेशन' में लापरवाही में कड़ा एक्शन



**जबलपुर।** शहर की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने और विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार पूरी तरह सख्त नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गौरीघाट के रेत नाका से बंदरिया तिराहा तक पैदल भ्रमण कर विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।

### 5 लाख का जुर्माना और नोटिस

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने 'री-स्टोरेशन' के कार्यों में अत्यधिक देरी और ढिलाई पाए जाने पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था ईगल पीसी स्नेहल कंपनी पर 5 लाख रुपये का भारी जुर्माना अधिरोपित किया है। इसके साथ ही, कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग न करने के चलते आर बी कंसल्टेंट और संबंधित उपयंत्री को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में लेटलतीफी और गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। हर काम तय समय सीमा में और जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर पूरा होना चाहिए।

### पैदल चलने वालों के लिए सुगम होंगे रास्ते

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क किनारे बने फुटपाथों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वालों के लिए मार्ग सुलभ और सुरक्षित हों। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित कर बताया कि सीवर, पेयजल और लोककर्म विभाग के कार्यों को आपसी समन्वय के साथ जल्द पूर्ण किया जाए।

### सिटी ब्यूटीफिकेशन पर विशेष फोकस

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने 'सिटी ब्यूटीफिकेशन और उद्यान विभाग के कार्यों का भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240